शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 52 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 18 मार्च 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# लोकतंत्र-संविधान की रक्षा के लिए देश एकजुट: राहुल

## 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा इसलिए निकालनी पड़ी क्योंकि मीडिया देश के महत्वपूर्ण मुद्दों को नहीं उठा रहा'

**मुंबई**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी मुंबई में मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक न्याय संकल्प पदयात्रा कर रहे हैं। इस दौरान उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद हैं।

**लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए पूरा देश एकजुट**

राहुल ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए पूरा देश एकजुट है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा इसलिए निकालनी पड़ी क्योंकि मीडिया देश के महत्वपूर्ण मुद्दों को नहीं उठा रहा है। बेरोजगारी, महंगाई, किसानों और अग्निवीर के मुद्दे मीडिया नहीं दिखाता है।

**देश के संविधान की रक्षा करनी होगी: दीपांकर**

सीपीआई (एमएल) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर ने कहा था कि सामाजिक, आर्थिक गैरबराबरी को मिटाने के लिए हमें वोट की ताकत का ठीक से इस्तेमाल करना होगा, ताकि देश के संविधान की रक्षा हो सके। पिछले 75 सालों में हमने आधुनिक लोकतांत्रिक हिंदुस्तान बनाने का जो संघर्ष किया है, उसे पूरा करना है।

**गांधी नाम से भाजपा डरती है: महबूबा मुफ्ती**

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि राहुल गांधी के नाम में गांधी है और भाजपा इससे डरती है। आज, मैं ऐसा कह सकती हूं। यहां अलग-अलग विचारधारा वाले लोगों को देखें, मैं आपको बता दूं कि यह 'भारत' है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कुछ काम नहीं किया लेकिन जनता से पुलवामा के शहीदों के नाम पर वोट मांगे। इनकी जान पीएम की लापरवाही की वजह से गई। जनता ने फिर भी वोट दे दिया। इसके बावजूद पीएम मोदी ने 10 साल में न तो नौकरियां दीं और न ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की।

**हमें जीतने के लिए लड़ना पड़ेगा: सौरभ भारद्वाज**

आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब इंडिया गठबंधन की बात शुरू हुई तो लोग कहते थे कि ये कभी एक साथ नहीं होंगे लेकिन आप देख लीजिए सब एक साथ हैं। हमें जीतने के लिए लड़ना पड़ेगा। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि लड़ेंगे तो जीतेंगे।

**भारत को अब एकता की आवश्यकता: स्टालिन**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने कहा कि भारत को अब एकता की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 सालों में सिर्फ दो काम किए हैं, पहला विदेश यात्राएं और दूसरा दुष्प्रचार। हमें अब इसे रोकना होगा...यह हमारा एजेंडा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपने गठबंधन का नाम इंडिया रखा है, इसलिए भाजपा ने इंडिया शब्द का इस्तेमाल बंद कर दिया है। यह डर है।

0६पीएम मोदी ने हमें भ्रष्ट कहकर बदनाम करना शुरू कर दिया है, लेकिन चुनावी बॉण्ड ने साबित कर दिया कि भाजपा भ्रष्ट है। यह भाजपा का सफेदपोश भ्रष्टाचार है। भारत के लिए भाजपा से बड़ा कोई खतरा नहीं है। हमें भाजपा को हराना है। कन्याकुमारी से शुरू हुई यात्रा दिल्ली में सत्ता हासिल कर-के समाप्त होनी चाहिए।



## यात्रा की सफलता भाजपा की हार में होगी: अखिलेश

**उद्धव** ठाकरे ने कहा कि राहुल जी आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और अभिनंदन करता हूं। आप मुंबई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन कर रहे हैं। वहींसपा प्रमुख अखिलेश यादव को यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होना था लेकिन वह नहीं हो सके। उन्होंने राहुल गांधी को पत्र लिखकर शुभकामना दी और भरोसा जताया कि इस यात्रा को



असली सफलता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आगामी लोकसभा चुनाव में हराकर मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुंबई में आपकी (राहुल की) भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन हो रहा है। बहुत कम लोग हैं, जो ऐसी यात्रा कर सकते हैं।

आपके इस दृढ़ संकल्प के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आपने (राहुल ने) इस यात्रा की मणिपुर से शुरूआत की, जो भाजपा सरकार की नाकामी के कारण जल रहा है।

## देश में विविधता और भाईचारे की रक्षा करने की जरूरत: तेजस्वी



**राजद नेता ते**जस्वी यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की लड़ाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नहीं, बल्कि यह नफरत की विचारधारा के खिलाफ है। देश में विविधता और भाईचारे की रक्षा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मोदी झूठ के निर्माता, थोक विक्रेता और वितरक हैं, लेकिन हमारे जैसे सच्चे लोग डरते नहीं हैं। महाराष्ट्र सरकार में जो लोग हैं वे डीलर हैं, लीडर नहीं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में तो बस विधायकों को दल-बदल कराया जाता है, लेकिन बिहार में भाजपा ने मेरे चाचा को हाईजैक कर लिया। उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई की मदद से सरकारें गिराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग डरने वाले नहीं हैं। हम जनता के लिए लड़ने वाले लोग हैं। लालू अभी भी नरेंद्र मोदी की दवाई करने को तैयार हैं। एससीपी (शरद पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि महात्मा गांधी ने इसी शहर से 'भारत छोड़ो' का नारा दिया था, आज हमें (इंडिया गठबंधन) भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने की कसम खानी चाहिए।

**अबकी बार, भाजपा तड़ीपार : उद्धव ठाकरे**

शिवसेना यूटीबी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पीएम मोदी और बीजेपी पर जोरदार हमला बोला। उद्धव ठाकरे ने कहा कि पीएम मोदी और बीजेपी गारंटी दे रही है। क्या वह परचून की दुकान खोलकर बैठे हैं जो कि गारंटी दे रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने नारा दिया कि अबकी बार, भाजपा तड़ीपार।

## यूट्यूबर एल्विश यादव गिरफ्तार

**नोएडा**

**'बिग** बॉस ओटीटी 2' के विनर **और यूट्**यूबर एल्विश यादव को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन्हें रविवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। पुलिस ने सांप के जहर की तस्करी के मामले में यह कार्रवाई की है। पिछले साल नोएडा पुलिस ने सेक्टर-49 में एफआईआर दर्ज की थी। एल्विश यादव को कुछ देर में कोर्ट में पेश किया जाएगा। नोएडा पुलिस की टीम उसे कोर्ट में पेश करने के लिए सूरजपुर पहुंची है। अब इस मामले की जांच कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस कर रही है। नोएडा जोन के एडीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

**अभी चर्चा में आए थे एल्विश यादव**

एल्विश यादव हाल ही सागर ठाकुर उर्फ मैक्सटर्न के साथ मारपीट को लेकर चर्चा में आ गए थे। उनवका एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो मैक्सटर्न को मारते पीटते दिखाई दे रहे थे। मामले में गुरुग्राम के सेक्टर-53 थाने में एल्विश के खिलाफ केस दर्ज भी किया गया। मैक्सटर्न ने एल्विश पर जान मारने की धमकी सहित कई गंभीर आरोप लगाए थे।

**दोनों ने विवाद सुलझाया**

एल्विश यादव ने विवाद के कुछ दिन बाद यूट्यूबर मैक्सटर्न) के साथ एक फोटो शेयर की, जिसमें दोनों के बीच भाईचारा देखने को मिला। एल्विश ने फोटो के कैप्शन में लिखा- भाईचारा ऑन टॉप। फोटो देखकर ये तो साफ हो गया है कि दुश्मनी दोस्ती में बदल गई। चर्चा में रही इस फाइट के बीच अब एल्विश और मैक्सटर्न का म्यूजिक वीडियो सामने आया है।

**पिछले साल दर्ज हुआ था केस**

पीपल फॉर एनिमल के सदस्य गौरव गुप्ता ने दो नवंबर 2023 को सेक्टर-51 में एक स्टिंग किया था। मौके पर दिल्ली के चार सपेरों और एक अन्य को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा था।

**डिब्बी में मिला था स्नेक वेनम**

इनके कब्जे से नौ सांप बरामद हुए थे। इनमें पांच कोबरा, एक अजगर, दो दुमुही सांप और एक घोड़ा पछाड़ शामिल थे। एक डिब्बी में 20 एमएल स्नेक वेनम मिला था। पुलिस ने गौरव गुप्ता की शिकायत पर एल्विश यादव समेत छह लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की थी। साथ ही बरामद सांप का मेडिकल परीक्षण वन विभाग से कराया गया था तो यह सामने आया था कि सांपों की विषग्रंथि निकाली जा चुकी थीं। फिर दो कोबरा संपेरों को रिमांड पर लेकर पुलिस ने फरीदाबाद से बरामद किए थे।

## समुद्री डाकुओं के खिलाफ भारतीय नौसेना को फिर बड़ी कामयाबी

### 35 डकैतों को सरेंडर के लिए मजबूर कर चालक दल को बचाया

**नई दिल्ली**

**समुद्री डाकुओं** के खिलाफ भारतीय नौसेना को एकबार फिर बड़ी कामयाबी मिली है। भारतीय युद्धक जहाज आईएनएस कोलकाता, अरब सागर में एक अपहत जहाज में सवार सभी 35 समुद्री डाकुओं को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया। भारतीय नौसेना का यह अभियान तकरीबन 40 घंटे चला।

भारतीय नौसेना की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इससे



ऑपरेशन से संबंधित जानकारी साझा की गई है। जिसमें बताया गया है कि आईएनएस कोलकाता ने भारतीय तट से करीब 2600 किमी दूर समुद्री लुटेरों के जहाज रुएन को घेरा था। अभियान में आईएनएस सुभद्रा और समुद्री गश्ती विमान के साथ सी17 एयरक्रॉफ्ट से भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो को इस जहाज पर उतारा गया। इस साझा प्रयास से समुद्री डाकुओं के जहाज को रोकने में कामयाबी मिली। लुटेरों को तुरंत सरेंडर करने और बंधकों को छोड़ने के लिए कहा गया। 40 घंटे चले ऑपरेशन में अपहत जहाज एमवी रुएन से चालक दल के 17 सदस्यों को सकुशल बचा लिया गया। सभी समुद्री डाकू सोमालिया के रहने वाले हैं और समुद्र में अपहरण को अंजाम देने के लिए 14 दिसंबर को इन समुद्री लुटेरों ने एमवी रुएन जहाज का अपहरण कर लिया था। भारतीय नौसेना के युद्धपोत ने 15 मार्च को इसका पीछा किया और इस दौरान अपहत जहाज से गोलीबारी की गई।

## किसान अपनी मर्जी से वोट दें, लेकिन न दबाएं नोटा: राकेश टिकैत

**सिसौली**

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में किसान अपनी मर्जी से कहीं भी वोट करें। लेकिन नोटा के बटन का प्रयोग न करें। सरकार ताकत के बल पर आंदोलन को दबाने का काम करती है। पुलिस के बल पर किसानों को दबाया जा रहा है। किसानों को हर गांव से ट्रैक्टर आंदोलन शुरू करना होगा। किसान भवन पर आयोजित मासिक पंचायत में टिकैत ने प्रदेश सरकार की ओर से किसानों के बिजली बिल माफ करने की



घोषणा को शगूफा बताते हुए कहा कि सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। बिजली विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा चुनाव आचार संहिता लागू हुई है, कोई कर्फ्यू नहीं लगा है। सरकार किसानों की जमीन छीन रही। शामली जिले के भाज्जू गांव से निकल रहे दिल्ली-देहरादून हाईवे पर किसानों की कट बनवाने की मांग पर उन्होंने कहा कि कट लगने के बाद किसान महंगे दामों पर जमीन बेचना शुरू न करें। किसानों को शपथ पत्र देना होगा कि जमीन नहीं बचेंगे। जिस किसान ने स्वयं की जमीन खरीदी है, वही बेच सकता है। जमीन विरासत में मिली है, इसलिए उस जमीन को अपने बच्चों को विरासत में ही दें।

**एकजुटता से संगठन को मजबूत करो**

राकेश टिकैत ने भाकियू के पदाधिकारी को नसीहत देते हुए कहा अधिक से अधिक सदस्य बना कर किसानों को संगठन में जोड़ना होगा। गांव में ट्रैक्टर प्रमुख नियुक्त कर पंचायत में आम किसानों को साथ लेकर चलो। अपना गांव अपना ट्रैक्टर की तर्ज पर आंदोलन करना होगा। पंचायतों में पदाधिकारी को फोटो खिंचवाने की होड़ से पीछे हटना होगा।

## बीजेपी ने जारी की 'कांग्रेस नहीं होती तो क्या होता' किताब



**मुंबई**

भाजपा ने हाल ही में एक पुस्तक 'कांग्रेस नहीं होती तो क्या होता' जारी की है। इस पर जब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के नेता संजय राउत से पूछा गया तो उन्होंने जमकर भाजपा पर हमला किया। राउत ने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व के बिना देश ने स्वतंत्रता हासिल नहीं की होती और न ही विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रगति होती।

**भाजपा कभी नहीं समझेगी**

देश को एकजुट रखने का श्रेय कांग्रेस को देते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा, 'अगर कांग्रेस नहीं होती तो देश को आजादी नहीं मिलती, देश को नेतृत्व नहीं मिलता और विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में हमारी तरक्की नहीं होती। ऐसी बहुत सी बातें हैं जो भाजपा कभी नहीं समझेगी क्योंकि वे देश के बारे में नहीं सोचते। वे केवल व्यापारियों के बारे में सोचते हैं।' उन्होंने कहा कहा कि कांग्रेस नहीं होती तो पाकिस्तान के दो टुकड़े नहीं होते। देश एकजुट नहीं रहता।

**अगर भाजपा नहीं होती तो...**

भाजपा पर हमलावर होते हुए राउत ने कहा, 'जिनके पास राजा होता है, उनकी प्रजा बीमारियों से पीड़ित होती है। भाजपा देश को गरीब बना रही है। अगर भाजपा नहीं होती तो दूसरी चीजें भी नहीं होतीं। देश में दंगे नहीं होते, देश का रुपया मजबूत होता और कर्ज कम होता। राफेल से लेकर चुनावी बॉन्ड तक कोई घोटाला नहीं होता।'

संजय राउत ने कहा, 'जिन लोगों ने चुनावी बॉन्ड खरीदा, जिन्होंने भाजपा के खातों में पैसा डाला, वे सभी अपराधी हैं और फरार हैं।

## 'भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया'

**बीकानेर**

**केंद्रीय मंत्री** व लोकसभा चुनाव-2024 में बीकानेर सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कालखंड बहुत महत्वपूर्ण है। इस कालखंड में सरकार ऐसे फैसले लेगी जो देश के विकास को हजारों साल आगे खड़ा करेंगे। कभी कोई कल्पना कर सकता है राम मंदिर, धारा 370, नारी शक्ति वंदन जैसे अधिनियम इतनी आसानी से पास



होंगे आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

भारतीय जनता पार्टी पूर्व व पश्चिम विधानसभा की कोर कमेटी व चुनाव संचालन समिति की शहर अध्यक्ष विजय आचार्य की अध्यक्षता में हुई बैठक में मेघवाल ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों और शहरों में 12 करोड़ शौचालय बने। जनधन योजना के तहत देशभर में 48.93 करोड़ लोगों ने अपने बैंक खाते खुलवाए और भी सैंकड़ों योजनाएं जिनका लाभ आज देश के हर वर्ग को मिल रहा है ये सब मोदी है तो मुमकिन है और आज पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है अबकी बार 400 पार।

## संघ में पांच की बजाय अब छह सह सरकार्यवाह बनाए गए

**नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में सांगठनिक कार्य विस्तार में और तेजी लाने के उद्देश्य से पांच के बजाय इस बार छह सह सरकार्यवाह बनाए हैं। महाराष्ट्र के नागपुर में तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के अंतिम दिन रविवार को यह निर्णय लिया गया।

संघ के प्रचार विभाग के मुताबिक दत्तात्रेय होसबाले लगातार दूसरी बार अगले तीन वर्षों के लिए सरकार्यवाह के पद पर चुने गए हैं। इसी के साथ उन्होंने अपने सहयोगी के तौर पर नई अखिल भारतीय कार्यकारिणी में इस बार छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए हैं। निवर्तमान कार्यकारिणी में पांच सह सरकार्यवाह थे, जिसमें से चार को नई कार्यकारिणी में भी बरकरार रखा गया है। इसी के साथ दो नए सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए हैं।

## कांग्रेस प्रत्याशी काला चश्मा लगाकर घूमते हैं, उन्हें विकास नहीं दिखता : शेखावत

**जोधपुर**

**जोधपुर** लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को कांग्रेस पार्टी और उसके स्थानीय प्रत्याशी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं, जिन्हें विकास दिखता नहीं है। मुझे लगता है कि कांग्रेस के प्रत्याशी काला चश्मा लगाकर घूमते होंगे। उन्होंने कहा कि हम कहीं अति आत्मविश्वास में धोखा न खा जाएं, इसलिए कार्यकताओं को आज से लेकर 40 दिनों तक नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए समर्पित भाव से काम करने की आवश्यकता है।

अपने प्रधान चुनाव कार्यालय के शुभारंभ पर हुई जनसभा में शेखावत ने अपने चित-परिचित अंदाज में कांग्रेस पर शब्दों के बाण चलाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जो मित्र



चुनाव लड़ रहे हैं, कल मैंने कहीं सुना, वो कह रहे थे कि 40 साल से जोधपुर एयरपोर्ट का विकास नहीं हुआ। उन्हें शर्म आती थी, जब वो एयरपोर्ट पर आते थे। जोधपुर एयरपोर्ट इतना छोटा क्यों है? शेखावत ने कहा कि मैं कांग्रेस के मित्र से कहना चाहता हूं कि मुझे आए 10 साल हुए हैं। मुझसे पहले तुम्हारे भाईसाहब थे। दो बार मुख्यमंत्री भी रहे। पांच बार सांसद भी रहे। तीन बार केंद्र के मंत्री भी रहे। फिर दोषी कौन है? उनसे जाकर पूछना चाहिए। तुम्हारे आका क्या रहे थे? इतने वर्षों से एयरपोर्ट क्यों नहीं बना? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं अभिनंदन करता हूं कि प्रधानमंत्री जी का, देश में 10 साल पहले जितनी एयरपोर्ट थे, आज उसके दोगुने एयरपोर्ट बन गए हैं। उत्तर भारत में जितने एयरपोर्ट होते थे, उतने तो आज केवल उत्तर प्रदेश में बन चुके हैं। जोधपुर एयरपोर्ट को हम विश्वस्तरीय बना रहे हैं।

शेखावत ने विपक्षी प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें रास्ते में जाते हुए रिंग रोड नहीं दिखती होगी। जब वो रिंग रोड क्रॉस करते होंगे तो उनकी आंखें चौंधिया जाती होंगी, शायद इसलिए उन्हें रिंग रोड दिखती नहीं है या वो देखना चाहते नहीं हैं।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों की मांग पर एमएलसी ने पीडब्ल्यूडी को लिखा पत्र

**मेजा।** विकास खंड मेजा अंतर्गत ग्राम पंचायत मदरहा निधि का पूरा में क्षतिग्रस्त रास्ते को बनाए जाने को लेकर प्रधान सुषमा देवी ने एमएलसी से मांग की थी। एमएलसी ने उक्त सड़क को डामरीकरण अथवा आरसीसी सड़क बनाए जाने के लिए लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखा है। एमएलसी डॉ के पी श्रीवास्तव ने लोक निर्माण विभाग को पत्र में लिखा है कि ग्राम मदरहा निधि का पूरा ब्लॉक मेजा में नाई बस्ती के बगल से मदनगोपाल मिश्र के मकान तक जिसकी लम्बाई लगभग एक किलोमीटर तक है। जिस पर किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। इस सड़क पर रोलर द्वारा समतल किया गया था। उसके बाद इस सड़क पर कोई काम नहीं हुआ। इस सड़क से लगभग सौ घरों के लोगों का आवागमन है। बरसात के दिनों में तो लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस सड़क के बन जाने से हजारों नागरिकों को आवागमन में सुविधा हो जायेगी। उन्होंने उक्त संपर्क मार्ग पर डामरीकरण अथवा आरसीसी सड़क बनाने का भी जिक्र किया है।

# महिलाओं को प्रशिक्षित करने व उनके सपनों को साकार करने हेतु एसएमसी कौशल विकास केन्द्र का उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज जिला के घूरपुर क्षेत्र अन्तर्गत संचालित सीबीएसई का नामी स्कूल एसएमसी स्कूल घूरपुर के प्रांगण में महिलाओं को प्रशिक्षित करने व उनके सपनों को साकार करने हेतु एसएमसी कौशल विकास केन्द्र का संचालन दिनांक १७.०३.२०२४ से शुरू किया गया। जिसका उद्घाटन एसएमसी स्कूल की अध्यक्ष महोदया श्रीमती मीता अग्रवाल जी ने किया। मीता अग्रवाल जी ने बताया कि इस कौशल विकास केन्द्र को चलाने का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मुफ्त में उनके कौशल को विकसित करना है। जिससे वो अपने जीवन और परिवार को विकसित कर सकें।इस योजना के तहत महिलाओं व युवतियों को कटिंग, टेलरिंग और कंप्यूटर का




प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण केन्द्र में आई महिलाओं ने एसएमसी कौशल विकास केन्द्र का बहुत आभार व्यक्त किया और कहा इस केन्द्र के खुलने से हम महिलाएं प्रशिक्षण आसानी से प्राप्त कर लेंगें। एक युवती ने बताया कि कटिंग टेलरिंग के निशुल्क प्रशिक्षण से उन्हें स्वावलंबी बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। बताया कि दोपहर में प्रशिक्षण हासिल करने के बाद वह शाम को अपने घरों में आमदनी को लेकर भी मेहनत करेंगी तथा परिवार में आर्थिक योगदान में सहायक होंगी।

### मातृशक्ति की बढ़ाएंगे भागीदारी

बैठक में प्रमुख रूप से क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र ने बताया कि आने वाली जन्माष्टमी तक हमको संगठन के अनेक प्रशिक्षण शिविर, अभ्यास वर्ग, कार्यशाला को संपन्न करना है और आधी आबादी से जुड़ी मातृशक्तियों के संगठन में संख्या बढ़ानी है। काशी प्रांत की उपाध्यक्ष कमला मिश्रा को बनाया गया है। प्रयाग विभाग की सह मंत्री कैप्टन सत्य प्रकाश मिश्रा, प्रयाग उत्तर के अध्यक्ष अजय गुप्ता, दक्षिण के अध्यक्ष संजय गुप्ता महानगर उत्तर के मंत्री योगेश तिवारी एवं संयोजक दिग्विजय जी को बनाया गया है, दक्षिण के मंत्री की जिम्मेदारी देशराज कुशवाहा एवं संयोजक शुभम कुशवाहा रहेंगे। प्रयाग विभाग के मंत्री कैप्टन सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया की उत्तर और दक्षिण की रचना सीमाओं के विभाजन एवं समिति की घोषणा जल्द ही बैठक करके सामूहिक निर्णय से की जाएगी। बैठक में सीएए कानून के समर्थन में एक प्रस्ताव प्रांत अध्यक्ष कविंद्र प्रताप सिंह ने रखा। इस बैठक में प्रांत मंत्री कृष्ण गोपाल, नरसिंह त्रिपाठी, विद्याभूषण, बृजभूषण सिंह, विभाग संगठन मंत्री अंशुमान, मनीष श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## बड़गोहना कला मजरे गोदाही गाँव में कच्चे मकान मे अज्ञात कारणों से लगी आग नगदी समेत गृहस्थी जली




**प्रयागराज।** करछना तहसील के कौंधियारा ब्लाक अन्तर्गत आने वाले बड़गोहना कला मजरे गोदाही गाँव के नरेन्द्र कुमार पटेल पुत्र स्वर्गीय श्रीराम पटेल के कच्चे मकान में दिन शनिवार एक बजे दिन में अचानक आग लग गई ।इससे मकान में मौजूद गृहस्थी का सारा समान और नकदी जलकर राख हो गई । सुचना पर 112 नम्बर व थाना कौंधियारा प्रभारी सी पी सिंह हल्का लेखपाल चन्द्रभान सिंह ने जाँच कर परिवार को आर्थिक सहयोग दिलाने का अश्वाशन देकर रिपोर्ट सम्बन्धित अधिकारीयों को भेजी है । पीड़ित नरेन्द्र कुमार पटेल द्वारा बताया गया की मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता है। आग के कारणों को पता नही चल सका है। परिवार में हमारी माता शान्ती देवी पत्नी नीतू देवी, बेटा प्रतीक कुमार , कार्तिक बेटी प्रगती का रो रो कर बुरा हाल हो गया है । पीड़ित द्वारा बताया गया की समाजसेवी राम जियावन कुशवाहा द्वारा पीड़ित परिवार के लिये आर्थिक सहयोग राशि दी गई।

## आल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में जेनिथ के बच्चों ने लहराया परचम













**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के दिघिया गांव में स्थित जेनिथ चिल्ड्रेन एकेडमी के चार छात्र, छात्राओं आरुषि पांडेय,प्रियांशु यादव, प्रीति यादव, शियम श्रीवास्तव, ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय तथा परिवार का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रबंधक राकेश उपाध्याय ने बताया कि हम निरंतर 18 वर्षों से क्षेत्रीय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। हमारे विद्यालय के बच्चे नासा द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में कई देशों के बच्चों को पीछे छोड़ते हुए विश्व स्तर पर स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किये है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक यू के उपाध्याय, गिरिजेश पांडेय, सौरभ द्विवेदी, प्रदीप विश्वकर्मा, दीपेंद्र मिश्रा, एस बी यादव, पंकज सिंह, मंजेश दुबे, अभिभावक राम मिश्रा, चन्द्र मणि दूबे तथा डा आनंद चौबे सहित तमाम क्षेत्रीय लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खुशी जाहिर किया है।

### मुआवजे की मांग पर किसानों को मुकदमे की धमकी

**झूंसी।** रिंग रोड के लिए अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा न मिलने से परेशान किसान अधिकारियों के दफ्तरों का चक्कर काट रहे हैं। किसानों ने काम का विरोध किया तो मुकदमे की धमकी दी जा रही है। परेशान कुछ किसानों ने कोर्ट की शरण ली है। इनर रिंग रोड के लिए अधिग्रहित की गई जमीन का कुछ किसानों को अभी तक मुआबजा नही मिल सका है और उनकी जमीन पर काम शुरू हुए महीनों हो गया। मुआबजे के लिए के किसान लेखपाल, कानून व एसडीएम के दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं पर उनकी सुनने के लिए किसी के पास समय नहीं है। बहादुरपुर विकासखंड के डुडुही गांव में श्याम लाल, शोभनाथ सहित दो दर्जन किसानों को अभी मुआबजा नही मिला है। सुखरानी पत्नी स्व. राम अभिलाष मुआबजे के लिए कोर्ट की शरण ली है। नरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि जमीन अधिग्रहण के बाद जो सीमांकन किया गया था हम लोगो की उससे अधिक जमीन रिंग रोड में ली जा रही है। विरोध करने पर रिंग रोड के कामर्मचारी किसानों को धमका रहे है कि काम मे बाधा उत्पन्न करने वालो पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। मुआवजे के लिए आप लोग डीएम, एसडीएम के पास जाओ।

# आचार संहिता लागू होते ही उखाड़े जानें लगे बैनर पोस्टर, केन्द्रीय व पुलिस बल के साथ किया पैदल मार्च





अखंड भारत संदेश

**मांडा।** लोकसभा चुनाव का आचार संहिता आते ही पुलिस सक्रिय हो गई है। मांडा के विभिन्न बाजारों से पुलिस कर्मियों ने बैनर, होर्डिंग व पोस्टर हटवाने शुरू कर दिये हैं। बीट स्तर पर निरोधात्मक कार्यवाई भी की जा रही है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता जारी होते ही इंस्पेक्टर मांडा शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में केन्द्रीय व पुलिस बल ने पैदल मार्च किया और मांडा क्षेत्र के मांडा खास, भारतगंज, नहवाई, चिलबिला, दिघिया, हाटा, खवास का तारा, सुरवांदलापुर आदि बाजारों में पहले से लगे विभिन्न राजनैतिक पार्टी दलों के बैनर, पोस्टर तथा चुनाव के संभावित प्रत्याशियों के पेड़ों व बिजली के खंभों पर लटके कट आउट आदि उतरवाना शुरू कर दिया। मांडा क्षेत्र के भारतगंज, दिघिया पुलिस चौकी व मांडा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के अराजकतत्वों की बीट स्तर पर भौतिक सत्यापन के बाद सूची तैयार कर पुलिस ने निरोधात्मक तैयारी भी शुरू कर दी है। चुनाव हर हाल में निष्पक्ष व शांति पूर्ण संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है।

## बाइक सवार को अनियंत्रित मैजिक ने मारी टक्कर, घायल

**सहसों।** मुंशी का पुरा गांव के सामने अनियंत्रित मैजिक गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के सिताऊ का पुरा गांव निवासी अक्षय दुबे (30) पुत्र धर्मेंद्र दुबे शनिवार को सुबह 8 बजे अपने घर से शहर के लिए बाइक पर सवार होकर प्राइवेट नौकरी करने जा रहे थे। गारापुर-झूंसी मार्ग पर स्थित झूंसी थाना क्षेत्र के मुंशी का पुरा गांव के सामने जैसे ही पहुंचे थे कि सामने से आ रही अनियंत्रित मैजिक गाड़ी ने टक्कर मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका दाहिना हाथ टूट गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उपचार हेतु एस आर एन अस्पताल प्रयागराज में भर्ती कराया जहां पर गंभीर हालत में उनका इलाज चल रहा है। जानकारी मिलते ही 112 नंबर पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंच कर पूंछताछ किया।

# कर्मभूमि पर याद किए गए हेमवती नंदन बहुगुणा

### समाजवाद और नैतिकता की प्रतिमूर्ति थे बहुगुणा : रामखेलावन

अखंड भारत संदेश

**बारा।** महान स्वतंत्रता सेनानी व उत्तर प्रदेश के सीएम रह चुके स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की 35वीं पुण्यतिथि रविवार (17 मार्च) को यमुनापार के बारा क्षेत्र में मनाई गई। हेमवती नंदन बहुगुणा के चाहने वालों ने उनके समाजवाद पर चर्चा करते हुए नैतिकता पर चलने का संकल्प लिया।

अखिल भारतीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति शंकरगढ़ के ब्लाक अध्यक्ष रामखेलावन गुप्ता की अध्यक्षता में शंकरगढ़ क्षेत्र के शंकरगढ़, लोहगरा, सीधटिकट, नौढ़िया उपरहार समेत तमाम जगहों पर पुण्यतिथि समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में लोगों ने स्व. बहुगुणा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व को नमन किया। वक्ताओं ने कहा, देश की स्वतंत्रता में अहम भूमिका निभाने वाले, असाधारण व्यक्तित्व के धनी हेमवती नंदन बहुगुणा विचारधारा और उनका समाजवाद हम सभी को सदियों तक रास्ता दिखाता रहेगा। ब्लाक अध्यक्ष रामखेलावन गुप्ता ने कहा, प्रयागराज का यमुनापार उनकी कर्मभूमि रहा। यमुनापार के विकास के लिए उन्होंने अनगिनत कार्य किए। यहां के लोगों के सुख-दुख को अपना समझा। पिता के ही नक्शेकदम पर चलते हुए उनकी बेटी सांसद रीता बहुगुणा जोशी भी प्रयागराज के विकास को नई ऊंचाई प्रदान कर रही हैं। वहीं बारा विधानसभा के ग्राम पंचायत अमरपुर में कुंवर बहादुर सिंह, पहाड़ी कला में प्रवीण सिंह पटेल एवं समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति में किसानों मजदूरों के नेता अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बारा विधानसभा से विधायक बनकर प्रदेश का नेतृत्व करने वाले यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि मनाई गई।स्व.बहुगुणा जी के साथी श्री राम प्रताप सिंह ने अनेकों स्मृतियों से पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.हेमवती नंदन बागोड़ा को जीवंत कर दिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित किसान सहकारी समिति नौढिया उपहार के अध्यक्ष गुलाब सिंह, भारत नगर सहकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष आत्मा प्रसाद सिंह,इंद्रपाल सिंह, पूर्व प्रधान रहित आदिवासी, पूर्व प्रधान नर्मदा प्रसाद सिंह के साथ सैकड़ो महिलाओं ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के कार्यों को याद किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किया।





### सहर्ष सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सुपर 25 एग्जाम संपन्न

**मांडा।** रविवार को गोमती देवी छोटेलाल बिंद महाविद्यालय भीटी बरौत में सहर्ष सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित सुपर 25 फ्री नीट कोचिंग संस्थान का फाइनल परीक्षा संपन्न कराया गया इस परीक्षा में सम्मिलित प्रयागराज मिजार्पुर जौनपुर और भदोही के छात्र छात्रों ने हिस्सा लिया इसमें वह विद्यार्थी शामिल किए गए थे जो सुपर 25 के पहले एग्जाम में क्वालीफाई किए थे और उनको सुपर 25 का फाइनल एग्जाम कराकर चयनित उन 25 बच्चों को फ्री शिक्षा के साथ-साथ फ्री हॉस्टल फ्री लाइब्रेरी फ्री बुक और नीट की संपूर्ण तैयारी पूर्णता निशुल्क कराई जाएगी कोचिंग के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मिथिलेश कुमार बिंद और अनूप कुमार बिंद ने बताया कि यह सुपर 25 संस्था ग्रामीण स्तर के शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सुपर 25 का एक प्रयास है और अभी तक इसमें हमारा एक सफल बैच चल रहा है, और हमारी कोशिश है कि हम हर साल इसी तरीके से ग्रामीण स्तर के बच्चों को नीट की संपूर्ण तैयारी निशुल्क करते रहेंगे, परीक्षा में अखिलेश बिंद, विशाल, सुरेश, राजकुमार, दिनेश, धर्मेंद्र कुमार, चंद्र प्रकाश, राकेश भारतीया, मनोज कुमार, अजीत कुमार, शिव मिलन, अमित, अमर साहनी, विजय बिंद, नीरज, मुकेश आदि लोग उपस्थित रहे।

## नैनी पुलिस द्वारा तीन अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 11 देशी बम बरामद

**नैनी।** नैनी कोतवाली में अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के निर्देश में प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी यश पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा रविवार को अभियुक्तगण अमित निषाद पुत्र विश्वनाथ निषाद निवासी संजय नगर थाना नैनी मोनू भारतीया उर्फ गट्टा पुत्र स्व0 अमरचन्द्र भारतीया निवासी संजय नगर थाना नैनी सूरज भारतीया पुत्र स्व0 दशरथ भारतीया निवासी त्रिवेणी नगर थाना नैनी को टीएसएल कंपनी के अन्दर गोल चक्कर के पास थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त के कब्जे से 11 देशी नाजायज बम बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### नैनी के अरैल क्षेत्र में पानी के लिए लोग परेशान

**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में मुरादपुर कुशवाहा नगर सच्चा बाबा नगर मुखिया नगर सोमेश्वर नाथ नंदन तालाब सरस्वती पुरम गंगापुरम चक विश्वनाथ जगह में पानी की भीषण किल्लत बूंद बूंद पानी के लिए परेशान ग्रामीण हुए। भाजपा नेता पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अरैल नैनी में 24 घंटे से पानी की समस्या बनी हुई है एक ट्यूबवेल जो खराब पड़ा हुआ अभी तक नहीं बन सका जिससे क्षेत्र में पानी के लिए एक-एक बूंद के लिए नागरिक तरस रहे हैं अधिकारियों से मांग करते हुए संजय श्रीवास्तव ने कहा कि तत्काल ट्यूबवेल बनवा करके पानी सुचारु रूप से चालू कराया जाए।

# रंजिशन छप्पर में लगाई आग गाय और बछड़े का काटा कान

### शिकायती पत्र के 24घंटे बाद भी नहीं पहुंची पुलिस। शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा

**घूरपुर।** थाना क्षेत्र के जसरा बाजार में रंजिशन एक समुदाय के दबंग लोग पड़ोस के एक व्यक्ति की छप्पर में पहले आग लगा गाय और बछड़े का कान काट दिया। इतने में भी दबंगों का मन नहीं भरा तो दीवार ढहा घर पर लगे भगवान श्री राम का लहराता झंडा उतार फेंक पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस को शिकायती पत्र देने के 24घंटे बाद भी पुलिस जांच पड़ताल तक करने नहीं पहुंची। जसरा बाजार के सोसायटी ऑफिस के पीछे मुन्नी देवी देवी पत्नी त्रिभुवन नाथ विगत वर्ष से अपने बच्चों के साथ रह रही थी। पड़ोस के दूसरे समुदाय के लोग कोई न कोई बहाना लगाकर उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं। दो दिन पूर्व दबंगों ने छप्पर में पहले आग लगा दी। उसके दूसरे दिन गाय और बछड़े का कान काट दिया। और छप्पर का दीवार ढहा लगाए गए भगवान श्री राम का झंडा को निकाल फेंक दिया। थाना शिकायत करने निकली तो दबंगों ने घेर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे दी।और घर से बाहर नहीं निकलने नही दिया। किसी तरह शनिवार के दिन छिप छिपाकर मुन्नी देवी अपने पति के साथ घूरपुर थाना पहुंच थाना प्रभारी को आपबीती सुनाते शिकायती



पत्र देकर कार्रवाई की मांग करते जान मॉल की गुहार लगाई। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल गिरफ्तारी और कार्रवाई को आश्वस्त किया। वाबजूद शिकायती पत्र के 24घंटे बाद भी जांच पड़ताल तक करने को कोई पुलिस कर्मी नहीं पहुंचा। जिससे पीड़ित पक्ष डरा सहमा है। मामले में यदि त्वरित कार्रवाई नहीं की गई तो दबंग कभी भी अप्रिय घटना पीड़ित के साथ कर सकते हैं। और शांति व्यवस्था बिगड़ सकती है।

# भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी




**सहसों।** क्षेत्र के हेतापट्टी गांव स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रभान सिंह के संयोजन में चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव के श्री रघुनाथ गाथा में भगवान श्री राम के जन्म की कथा का रसपान कराते हुए कथा व्यास स्वामी श्री राम हृदय दास जिज्ञासु जी महाराज ने राम जन्म उत्सव की कथा श्रवण कराते हुए कहा धर्म की रक्षा, अत्याचार एवं पाप से मुक्ति के लिए समय-समय पर भगवान प्रकट होते हैं तथा भक्तों की रक्षा करते हैं। कथा व्यास ने कहा धर्म में राम है राम में धर्म है धर्म का साथ पकड़ने वाले व्यक्ति पर प्रभु श्री राम की कृपा बरसती है। उन्होंने कहा प्रभु को प्राप्त करने के लिए उनसे अटूट अनुराग करना पड़ेगा एवं समर्पण भाव के भक्ति से ही प्रभु श्री राम सदैव भक्तों की रक्षा करते हुए उनका कल्याण करते हैं। कथा पंडाल में भगवान के प्रकट होने पर ,,भए प्रगट कृपाला दीन दयाला,, स्तुति करते हुए उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों ने आनंदित होकर प्रभु राम का दर्शन एवं पूजन किया कथा कथा विश्राम पर आयोजक चंद्रभान सिंह एवं मुख्य यजमान श्रीमती अवध राजी देवी सहित अन्य भक्तों ने व्यास पीठ एवं भगवान की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर बृजभान सिंह, रतन सिंह, विनय सिंह, विकास सिंह, सुरेश कुमार तिवारी, चिंतामणि शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी एवं तेज प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह सहित भारी संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान किया।

## आततार्इयों का अंत एवं घमंड है भगवान का आहार : डा. रामानन्द जी महाराज



**सहसों।** क्षेत्र के देवनहरी गांव में सप्त दिवसीय संगीतमय चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस पर कथा व्यास डॉ. रामानन्द जी महाराज ने भगवान के जन्म के बाद प्रभु के नामकरण किए जाने एवं उनके बाल लीला का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि उनके बाल रूपों का दर्शन करने के लिए बड़े-बड़े संत, इंद्र आदि देवता तथा भगवान भोलेनाथ ब्राह्मण का रूप धारण कर पहुंचे और दर्शन कर धन्य हुए। कथा व्यास ने कहा कि कंस भगवान श्री कृष्ण को अपना शत्रु मानता था। इसीलिए भगवान श्री कृष्ण के पास एक से बढ़कर एक राक्षसों को भेजा परंतु भगवान श्री कृष्णा पूतना सहित अकासुर, कगासुर, बकासुर, कालिया नाग का मर्दन जैसे सभी राक्षसों का उद्धार किया। कथा व्यास ने कहा भगवान आततार्इयों द्वारा किए गए पापों को सदैव ही नाश करते हुए ऋषि, मुनियों सहित मनुष्यों की रक्षा करते हैं अहंकार ही भगवान का आहार है। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान सभाजीत तिवारी एवं श्रीमती सावित्री तिवारी तथा श्रीकांत तिवारी, राजन, शिवकांत सहित अन्य भक्तों ने व्यास पीठ एवं भगवान की आरती उतारी तत्पश्चात भक्त श्रोताओं में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर शीतला प्रसाद पांडे, अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, भगवान प्रसाद शुक्ला, दयाशंकर त्रिपाठी, राजा राम शुक्ला, पवन तिवारी, परीक्षित तिवारी, अरुण तिवारी, दयानंद मिश्र सहित भारी संख्या में भक्त उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

# सीआरपीएफ के फाफामऊ स्थित समूह केंद्र प्रयागराज में डीजी परेड का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सीआरपीएफ ने अपनी वर्षों से चली आ रही परंपरा का अनुसरण करते हुए 19 मार्च को मनाए जाने वाले सीआरपीएफ दिवस से ठीक पहले डीजी परेड का अयोजन समूह केन्द्र प्रयागराज में किया। गौरतलब है कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा हर वर्ष 19 मार्च को सीआरपीएफ दिवस के रूप में विभिन्न स्थानों पर मनाया जाता है। इस वर्ष सीआरपीएफ दिवस का अयोजन बड़े स्तर पर ग्रुप केंद्र प्रयागराज में किया जा रहा है। ध्यातव्य है कि गत वर्ष सीआरपीएफ दिवस का आयोजन 19 मार्च को छत्तीसगढ़ में किया गया था। सीआरपीएफ दिवस से ठीक 2 दिन पहले डीजी परेड अयोजित करने की परंपरा रही है। आज आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक सीआरपीएफ अनीश दयाल सिंह की उपस्थिति में भव्य परेड का आयोजन हुआ जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के विभिन्न सेक्टरों की 8 टुकड़ियों ने मार्च पास्ट किया। सीआरपीएफ महानिदेशक ने परेड की सलामी ली। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले कार्यालयों तथा बटालियनों को ट्रॉफियां प्रदान की गईं तथा कार्मिकों को असाधारण कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सीआरपीएफ महानिदेशक ने शहीदों को श्रृद्धांजलि भी अर्पित की। सीआरपीएफ महानिदेशक ने अपने संबोधन में बल के सभी कार्मिकों को उनके अतुलनीय योगदान के लिए ढेरों बधाईयां दी साथ ही सभी से एक सजग योद्धा के तौर पर, आने वाली सभी प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए, शारीरिक एवं मानसिक रुप से तैयार रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सीआरपीएफ के माओवाद निरोधी एवं जंगल वारफेयर में विशेषज्ञता रखने वाले स्पेशल विंग कोबरा, जम्मू कश्मीर में सीआरपीएफ का आतंकवादनिरोधी दस्ता क्यूएटी), तथा सीआरपीएफ के विशेष दंगा नियन्त्रण विंग (द्रुत कार्य बल) द्वारा अभ्यास प्रदर्शन भी किया गया।

## यूपी बोर्डः अप्रैल के तीसरे सप्ताह में जारी हो सकता है रिजल्ट

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से नौ मार्च के बीच 12 कार्यदिवसों में पूरी करा ली थीं। परीक्षा के बाद एक सप्ताह के भीतर ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी शुरू हो गया है। इसके लिए बोर्ड ने 16 से 31 मार्च तक का समय निर्धारित किया है। इस बीच रिजल्ट घोषित होने की तिथि को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। चल रही तैयारियों के मुताबिक अनुमान है कि बोर्ड अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह की शुरूआत में परिणाम जारी कर सकता है। सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि हाईस्कूल की 1.76 करोड़ और इंटरमीडिएट की 1.25 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन चल रहा है। इसके लिए प्रदेश भर में कुल 260 केंद्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल की कॉपियां जांचने के लिए 94,802 और इंटरमीडिएट की कॉपियां जांचने के लिए 52,295 परीक्षक नियुक्त किए गए हैं। बोर्ड परीक्षाओं में इस साल कुल 55,25,308 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें प्रदेश भर में कुल 8,265 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के 29,47,311 और इंटरमीडिएट के 25,77,997 परीक्षार्थी शामिल थे। परीक्षा के दौरान तीन लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए थे।

# औद्योगिक क्षेत्र में बीएचयू के डॉक्टर सौरभ का गंगा में मिला शव

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी के औद्योगिक क्षेत्र में बीएचयू के डमेटोलॉजी विभाग के लापता डॉक्टर सौरभ अहिरवार का शव रविवार को नैनी के औद्योगिक क्षेत्र स्थित गंगा में मिला। वाराणसी से पहुंचे उनके परिजनों ने शव की शिनाख्त की। पोस्टमार्टम हाउस पर परिजन रो-रोकर बेहाल थे। डॉ. सौरभ के भाई रवि ने कहा कि इस मौत के पीछे कोई साजिश है। उन्होंने इस प्रकरण में पुलिस से गहन तफ्तीश की मांग की। उनके दोस्त भी आत्महत्या के पीछे की कहानी तलाश रहे हैं। मध्य प्रदेश के अनूपपुर निवासी सुखलाल के तीन बेटों में डॉ. सौरभ अहिरवार (25) बीएचयू से डमेटोलॉजी की पढ़ाई कर रहे थे। 13 मार्च से वह गायब थे। 14 मार्च की रात करीब 11 बजे डॉक्टर सौरभ ने अपने पिता सुखलाल को कॉल किया था। बोले थे कि वह नैनी पुल से कूदने जा रहे हैं। परिजन नैनी नए यमुना पुल पर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर सौरभ की बाइक मिली। पुलिस गंगा व यमुना में सर्च ऑपरेशन कर रही थी। 17 मार्च को औद्योगिक क्षेत्र के चाड़ी इलाके में स्थित गंगा में डॉक्टर सौरभ का शव उतराया हुआ नजर आया। पुलिस ने गोताखोर की मदद से शव को बाहर निकलवाया। नैनी थाने पहुंचे डॉक्टर के मां बाप और भाई ने शिनाख्त की। बताया जा रहा है कि डॉक्टर सौरभ के बीएचयू स्थित हॉस्टल के कमरे में केक के डिब्बे पर सुसाइड नोट लिखा था।

# इविवि परिसर की 5 इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर में छात्र हुए एकत्रित

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय परिसर की 5 इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन सभी स्वयंसेवक विजयनगरम हॉल, विज्ञान संकाय के सामने के लॉन में एक्त्रित हुए। इकाई 11 के कार्यकम अधिकारी डॉ. प्रमोद कटारा ने एनएसएस गीत और शारीरिक गतिविधियों के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। इकाई 06 के कार्यकम अधिकारी डॉ. रवीन्द्र प्रताप सिंह ने सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया और छात्रों को दिन की गतिविधियों के प्रति उन्मुख किया। तीसरे दिन के कार्यक्रम का मुख्य उद्देस्य मतदान के प्रति लोगो को जागरूक करना और मतदाता सहभागिता को बढ़ावा देना था, जिसकी शुरूआत डॉ. प्रमेन्द्र सिंह पुंडीर के व्याख्यान से हुई, जिसमें मतदान के अधिकार के महत्व पर जोर दिया गया। इसके बाद डॉ. राजेश गर्ग और स्वीप के प्रतिनिधि अनुपम परिहार ने कटरा, प्रयागराज से होकर गुजरने वाली मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।दूसरे सत्र में, हरे राम सेवा संस्थान के मुख्य ट्रस्टी और सीएमपी के प्रोफेसर डॉ. अनंत सिंह जेलियांग ने समाज की सेवा के अनुभव साझा किए, छात्रों से समाज की भलाई के लिए आगे आने का आव्हान किया और अपने समय और ऊर्जा को सही दिशा में उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। इसके बाद, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी, प्रोफेसर जया कपूर ने व्यक्तिगत लाभ से अधिक सामाजिक योगदान पर जोर देते हुए, अपनी एनएसएस यादों से स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने स्वयं सेवकों उनके मतदाता अधिकार की अहमियत के बारे में जागरूक करते हुए बोला की हमें किसी के व्यक्तिगत स्वार्थ हेतु संसाधन बनने से बचना चाहिए।

## ऑफिस में दो युर्वतियों ने की मारपीट

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में रविवार को मेवालाल की बगिया क्षेत्र में एक प्राइवेट ऑफिस में मारपीट का मामला सामने आया है। एक युवती को मैनेजर बनाने पर वहां की पूर्व मैनेजर ने अपने साथी के साथ मिलकर उसे पीट दिया। युवती घायल हो गई। पीड़िता ने नैनी पुलिस को तहरीर दी है। प्राइवेट ऑफिस में काम करने वाली युवती को संस्थान ने काम से निकालकर दूसरी युवती को मैनेजर बनाया है। लगभग एक माह बाद रविवार को पूर्व महिला मैनेजर ने ऑफिस में पहुंचकर नवनियुक्त महिला मैनेजर से बहस करने लगी। विवाद बढ़ने पर उसके चेहरे को नाखून से खरोच दिए। इंस्पेक्टर नैनी यश पाल सिंह ने बताया कि नौकरी को लेकर मारपीट हुई है। जांच कराई जा रही है।

# चुनाव की घोषणा से मालिकाना अधिकार आंदोलन हुआ तेज

**15 अप्रैल से अनिश्चितकालीन अनशन व धरना प्रदर्शन**




**नैनी।** नैनी केंद्र सरकार के आदेशानुसार अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश की औद्योगिक श्रमिक बस्तियों का मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर श्रमिक बस्ती नैनी के निवासियों द्वारा चलाया जा रहा आंदोलन लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही और तेज हो गया है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही मांगे पूरी नहीं हुई तो आगामी 15 अप्रैल 2024 से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन, धरना, प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। पिछले 7 महीने से चलाए जा रहे मालिकाना अधिकार आंदोलन के तहत श्रमिक बस्ती समिति के तत्वावधान में आज श्रमिक बस्ती के निवासियों ने मानस पार्क में धरना दिया। नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के माध्यम से यूपी सरकार श्रम विभाग के खिलाफ लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। मालिकाना अधिकार आंदोलन के संयोजक, श्रमिक बस्ती समिति के महासचिव विनय मिश्र ने धरना स्थल पर प्रदर्शनकरियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश श्रम विभाग इस समस्या को पिछले 43 वर्षों से लटकाए हुए हैं। उत्तर प्रदेश की जनता प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जानना चाहती है कि जब केंद्र सरकार के आदेश के अनुसार अन्य राज्यों ने इन बस्तियों का मालिकाना अधिकार उसमें रहने वालों को दे दिया तो उत्तर प्रदेश सरकार को मालिकाना अधिकार दिए जाने में क्या आपत्ति है। मिश्र ने श्रमिक कॉलोनी के मकानो की 1995 में शुरू की गई बिक्री प्रक्रिया के अनुसार मालिकाना हक दिए जाने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद ने की। शंकर लाल त्रिपाठी, दया शंकर शुक्ल, मोहम्मद शाहिद, मो साबिर,उमानन्द मिश्र, राघवेंद्र सिंह, अजमत हुसैन,अमित श्रीवास्तव, भूपेंद्र राय, जगबरन सिंह, मनीष तिवारी, विनीत कुमार दुबे, श्रीमती अरुणा पांडे, सत्येंद्र यादव,अनीश कुशवाहा, राजेश, विजय, पिंटू जायसवाल आदि निवासी जन उपस्थित रहे।

## पेपर लीक की एक घटना ने बिगाड़ा आयोग का परीक्षा कैलेंडर, टल सकती हैं कई और परीक्षाएं

**प्रयागराज।** समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक की घटना ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) का परीक्षा कैलेंडर बिगाड़ दिया। कैलेंडर में शामिल अब तक पांच परीक्षाएं स्थगित की जा चुकी हैं। इनमें से कोई ऐसी परीक्षा नहीं है, जो लोकसभा चुनाव के कारण प्रभावित हो रही हो। ऐसे में माना जा रहा है कि पेपरों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाने के बाद ही आयोग कोई परीक्षा कराएगा। आयोग ने अप्रैल से दिसंबर तक 17 तिथियां परीक्षाओं के लिए आरक्षित कर रखी हैं। आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा में पेपर वायरल होने की घटना के बाद इस परीक्षा को निरस्त किए जाने के बाद आयोग ने सबसे पहले 17 मार्च को प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा स्थगित की।प्रारंभिक परीक्षा स्थगित होने से अब सात जुलाई से प्रस्तावित मुख्य परीक्षा का टलना भी तय हो गया है। वहीं, 22 मार्च को प्रस्तावित स्टाफ नर्स (यूनानी/आयुर्वेदिक) (पुरुष/महिला) प्रारंभिक परीक्षा-2023 स्थगित होने के बाद अब 16 जून को प्रस्तावित मुख्य परीक्षा भी आयोग को टालनी पड़ेगी। सात अप्रैल को प्रस्तावित सहायक नगर नियोजक प्रारंभिक परीक्षा-2023 भी स्थगित की गई है। ऐसे में 19 जून को प्रस्तावित मुख्य परीक्षा भी टाल दी जाएगी। आयोग ने अपर निजी सचिव (एपीएस)-2023 की नौ अप्रैल को प्रस्तावित द्वितीय चरण की परीक्षा और 24 अप्रैल को प्रस्तावित स्टाफ नर्स एलोपैथी (पुरुष/महिला) मुख्य परीक्षा-2023 को भी स्थगित कर दिया है। एपीएस के द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया चल रही है, जबकि स्टाफ नर्स एलोपैथी मुख्य परीक्षा के आवेदन की हार्डकॉपी आयोग में जमा करने की अंतिम तिथि 21 मार्च है। आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए इंतजार करना होगा।

**आचार संहिता में फंसी आयोग की पांच भर्तियां :** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में यूपीपीएससी की पांच भर्तियां फंस गई हैं। आयोग को एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती, राजकीय डिग्री कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती, खंड शिक्षा अधिकारी भर्ती, सम्मिलित राज्य कृषि सेवा भर्ती, सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेरा भर्ती से संबंधित रिक्त पदों का अधियाचन मिल चुका है, लेकिन किसी की परीक्षा तिथि तय नहीं है।कोई परीक्षा समकक्ष अर्हता तय न होने तो कोई परीक्षा शासन से नियमावली को मंजूरी मिलने के इंतजार में अटकी हुई है। वहीं, कुछ परीक्षाओं के लिए शासन से परीक्षा योजना और पाठ्यक्रम को मंजूरी मिलने का इंतजार है। शनिवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई, सो अभ्यर्थियों को अब नई भर्ती के लिए चुनाव खत्म होने का इंतजार करना होगा।

# चुनाव से पहले पॉश इलाके के लोगो का अनोखा प्रदर्शन

- झलवा इलाके में लगा वोट बहिष्कार का बैनर,
- रोड नही तो वोट नहीं" का लगा बैनर ,
- 100 परसेंट टैक्स पेयर्स लोगो का जबरदस्त प्रदर्शन
- मोहल्ले के लोग डेढ़ करोड़ से अधिक का देते है टैक्स

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है , 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है। ऐसे में देश में आचार संहिता लगने के दूसरे दिन संगम नगरी प्रयागराज के पॉश इलाके से अनोखी तस्वीर भी सामने आई है। शहर के झलवा स्थित इरवो कॉलोनी के लोगों ने ₹रोड नही तो वोट नहीं₹ का एक बैनर लगा कर आगामी चुनाव का बहिष्कार किया है। कॉलोनी के गेट के बाहर भारी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में हर वर्ग के लोग मौजूद रहे जिसमें छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल रहे। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि बीते 16 सालों से कॉलोनी की सड़क नहीं बनी है। इस दौरान अधिकारी और नेताओं से सिर्फ आश्वासन ही मिलता है । पीडीए द्वारा जमीन लेकर सभी लोगोंने अपना आशियाना बनाया है। साथ ही साथ ही साथ डेढ़ करोड़ से अधिक का टैक्स भी इस कॉलोनी के लोगों के द्वारा दिया जाता है । गौरतलब है कि चुनाव आने से पहले ऐसी तस्वीरें ग्रामीण इलाकों में देखी जाती थी लेकिन इस बार शहरी इलाके से यह तस्वीर सरकार के लिए चिंता जरूर पैदा कर सकती है । महिलाओं का कहना है कि आए दिन घटना दुर्घटना होती रहती है । मोहल्ले के बच्चों को हमेशा ही सड़क की वजह से चोट लगती रहती है। कई बार आश्वासन मिलने के बाद भी जब रोड नहीं बनी तब इस बार के स्थानीय लोगों ने फैसला लिया है की अगर 24 मई तक रोड नहीं बनी तब कोई भी व्यक्ति इस बार वोट डालने नही जाएगा। खास बात यह है कि इस इलाके के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह है जिनको स्थानीय लोगो ने कई बार इस विषय के बारे में जानकारी दी फिर भी कोई हल नहीं निकला। सोसाइटी के अध्यक्ष ए के तिवारी का यह भी कहना है कि पूरे कलोनी की जमीन पीडीए से लिया गया है । वाटर टैक्स , सीवर टैक्स सब कॉलोनी के लोग देते आ रहे है । बरसात के मौसम में स्तिथि भयावह हो जाती है , आए दिन दुर्घटना होती रहती है । महिलाए भी बेहद परेशान है , बच्चो के लिए भी सड़क न बनना एक मुसीबत बना हुआ है । गॉड्स लव है कि आगामी 25 मई को प्रयागराज में चुनाव होना है और चुनाव से पहले अगर अधिकारियों ने कॉलोनी वालों को संतुष्ट जवाब नहीं दिया तो मतदान में इसका बड़ा असर पड़ेगा।

## न्यूज झरोखा

### शुआट्स परिसर में बांस के जंगल में लगी आग

**चार घेंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया**



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में रविवार को शुआट्स परिसर स्थित बांस के जंगल में रविवार शाम आग लग गई। लगभग 500 मीटर बांस के जंगल में आग फैलने की सूचना पर नैनी व बारा से चार फायरबिग्रेड की गाड़ियां पहुंच गई। चार घेंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। नैनी पफायर स्टेशन इंचार्ज महंतु कुमार ने बताया कि रविवार शाम शुआट्स परिसर में स्थित बास के जंगल में लगी आग पर काबू पा लिया गया।

### विहिप की बैठक में बनी 6 माह की कार्ययोजना




**प्रयागराज।** विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत की योजना बैठक के दूसरे दिन आगामी 6 माह तक की कार्य योजना तैयार की गई। प्रांत संगठन मंत्री नितिन के अनुसार विश्व हिंदू परिषद का कार्य बढ़ाने की दृष्टि से विश्व हिंदू परिषद प्रयाग महानगर को दो हिस्सों में बांटा गया है।महानगर उत्तर और महानगर दक्षिण, आने वाली जन्माष्टमी पर संगठन के 60 वर्ष पूर्ण होने पर काशी प्रांत के प्रत्येक जिले से लेकर गांव स्तर तक समिति पूर्ण होगी। धर्म प्रसार के कार्य और सेवा के प्रकल्प बढ़ाए जाएंगे। 60 वर्ष पूर्ण होने एवं आगामी कुंभ तक श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण एवं बाल विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को पूर्ण सफलता मानते हुए संगठन ने श्री राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े हुए लोगों के कार्यक्रम, संगठन की समितियों के कार्यक्रम पूज्य संतों के प्रवास एवं अनेक सम्मेलनों की रणनीति बनाई है। संगठन की केंद्रीय बैठक में एक प्रस्ताव पारित हुआ था जिसमें हिंदू धर्म संस्कृति का संवर्धन संरक्षण करने वाली सरकार एवं शत प्रतिशत मतदान का संकल्प कराया गया, उसी क्रम में प्रांत बैठक में भी शत प्रतिशत मतदान राष्ट्रीय एवं धर्म के लिए हो इसका संकल्प उपस्थित सभी पदाधिकारी को कराया गया।

### किसान मोर्चा नैनी मंडल की बैठक सोमवार दोपहर 1 बजे

**नैनी।** नैनी किसान मोर्चा नैनी मंडल की बैठक सोमवार दोपहर 1 बजे कॉटन मिल तिराहा स्थित लंदन क्लिनिक परिसर में बैठक आयोजित की गई है उक्त आशा की जानकारी जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा महानगर प्रयागराज संजय श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी बैठक को संपन्न करने के लिए समस्त नैनी मंडल किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं से अपील किया गया की बैठक में अवश्य आए इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव जिला मंत्री रोहित शर्मा उपस्थित रहेंगे नैनी मंडल की बैठक आगामी लोकसभा चुनाव के मध्य नजर रखते हुए प्रदेश नेतृत्व के द्वारा महानगर अध्यक्ष राजेश सिंह पटेल के निर्देशन में बैठक आयोजित की जाएगी सभी कार्यकर्ताओं से अपील है कृपया समय से आने का कष्ट करें निवेदक नीरज शर्मा मंडल अध्यक्ष उमेश सेन महामंत्री।

# शांति व्यवस्था के लिए फ्लैग मार्च करती सोरांव की पुलिस

अखंड भारत संदेश



**सोरांव।** रविवार को सोरांव थाना के तेज तर्राक प्रभारी सतीश कुमार द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। जो कि चौराहा से होते हुए हाजीगंज, शिवगढ़ बाजार आदि स्थानों पर गए। तथा मौजूद दुकानदारों, व्यापारियों,ग्रामीणों को अचार संहिता का बाखूबी पालन करने की नसीहत दिए। लोक सभा चुनाव होने के लिए पूरे प्रदेश में चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता लागू की गई है। शांति व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पैनी निगाह रख रही है। और प्रशासन पूरे एक्टिव मूड में आ गई है। क्षेत्र में हर जगह लगाए गए राजनीतिक पार्टियों के पोस्टर और बैनर को हटाने का कार्य तेजी से कर रही है। इतना ही नहीं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने के लिए थाना प्रभारी संग उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह, उपनिरीक्षक देवेश कुमार उप निरीक्षक विपिन कुमार, उपनिरीक्षक घनश्याम यादव, हमराही गोविंद सेन, कांस्टेबल विजय सिंह, आरक्षी चालक राम अवधेश यादव आदि लोगों द्वारा प्रति दिन क्षेत्र में जाकर फ्लैग मार्च किया जा रहा है और लोगों को शांति व्यवस्था बनाने की अपील की जाती है।

# समाजवादी पार्टी ने कार्यकताओं को आयोग के निदेर्शों के अनुपालन पर चलने पर दिया बल



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी की बैठक चौक नगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन की अध्यक्षता व नगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि के संचालन में कार्यकताओं को निर्देशित किया गया कि चुनाव आयोग ने जो चुनाव से सम्बंधित दिशा निर्देश दिए हैं उसका सपा कार्यकर्ता शत-प्रतिशत अनुपालन करें।कोई ऐसा कार्य न करें जिससे विरोधी दलों को दुष्प्रचार करने का मौका मिले।श्री इफ्तेखार ने कहा कि कांग्रेस हमारी गठबंधन की सहयोगी पार्टी है चुनाव के तारीखों की घोषणा हो चुकी है ऐसे में एक एक बूथ पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं के साथ सामंजस्य बिठा कर हमें चलना होगा। रवीन्द्र यादव रवि ने कहा हमारे नेता अखिलेश यादव जी पीडीए व संविधान को बचाने के लिए लड़ रहे हैं तो हम भी उनके उद्देश्य को सार्थकता प्रदान करने को जी जान लगा देंगे।अखिलेश यादव व राहुल गांधी मिल कर उत्तर प्रदेश की अस्सी लोकसभा सीटों पर भाजपा व उसके सहयोगी दल को धूल चटाने जा रहे हैं।बैठक में लोहिया वाहिनी के महानगर अध्यक्ष शुभम सरोज अंशू ,युवजन सभा के महानगर अध्यक्ष अरुण यादव , लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कु०आरती पाल का महानगर कमेटी की ओर से फूल माला पहना कर स्वागत किया गया।बैठक में सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, रवीन्द्र यादव रवि , अमरनाथ मौर्या , शिवशंकर वर्मा , राजेश कुमार गुप्ता ,हरीशचंद्र श्रीवास्तव , मोहम्मद अजहर ,ओ पी यादव , श्रीमती इन्दू यादव ,पंकज साहू , संतोष कुमार निषाद ,आलोक द्वबे , मृत्युंजय पाण्डेय ,रवि गुप्ता ,संतोष यादव , मोहम्मद युसूफ अंसारी ,जय भारत प्रताप ,अंकित कुमार पटेल , मंजीत हेला ,छोटू पासी ,मंजीत यादव , फय्याज अली , मोहम्मद अरशद , ताहिर उमर ,अजय यादव , आरती पाल , शिल्पी , रॉबिन लोहिया गिहार ,सुनील कुमार यादव ,अशोक मौर्या , मोहम्मद सैफ ,सनी सिएमपी आदि शामिल रहे।

# विकसित भारत के निर्माण के लिए ज्ञान से परिपूर्ण पीढ़ी तैयार करें शिक्षाविद : प्रमोद तिवारी

## महोत्सव में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने साक्षरता पर दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज/प्रतापगढ़।** क्षेत्र के रसूलपुर नौढ़िया स्थित सम्यक ग्लोबल एकेडमी के संस्थापना महोत्सव में मेधावियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने विद्यालय के नवनिर्मित भवन का भी फीता काटकर समारोह पूर्वक उद्घाटन किया। विद्यालय के छात्र अनुरोगए खुशी सरोजए प्रवीण पाण्डेयए अनस पाण्डेयए महर्षि सरोज ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान की मनमोहन प्रस्तुति दी। बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि आज दुनिया में हमारी मेधाशक्ति ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों की बुनियादी शिक्षा की मजबूती से ही हम विकसित भारत के लिए एक सशक्त और ज्ञान से परिपूर्ण पीढ़ी को तैयार कर सकते हैं। उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक परिवेश को मजबूत बनाने के लिए स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से भरपूर सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रमोद तिवारी ने सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कई विभूतियों को आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया।



समारोह को संबोधित करते राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को बच्चों से मुलाकात कर हौसला आफजाई करते देखा गया। बाबागंज बुद्धीधर स्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 विनय द्विवेदी विशिष्टि अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक राममूर्ति शुक्ल ने व संचालन संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के पूर्व अध्यक्ष देवीप्रसाद मिश्र ने किया। आलोक शुक्ला ने स्वागत भाषण तथा प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा ने आभार जताया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य लालजी यादव व रघुनाथ सरोजए संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेशए पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्रए पूर्व प्रधान आशीष तिवारीए त्रियुगी नारायण शुक्लए प्रधान शैलेन्द्र निर्मलए दुर्गेश पाण्डेयए निसार अहमदए भूवनेश्वर शुक्लाए राजेश गुप्ताए आनन्द पाण्डेयए विवेक पाण्डेयए कामेश्वर मिश्रए श्रीनारायण तिवारीए बबलू पटेलए रिंकू शुक्लाए प्रदीप सिंहए मनीष मिश्रए हरिश्चन्द्र सरोजए मक्खन शुक्लए मनीष पाण्डेयए आलोक सिंहए ओमप्रकाश धुरियाए जगदीश निर्मलए उमेशए जायसवालए रविशंकर शुक्लए रमापति यादव आदि रहे।

# खुद की बुक स्टॉल से खरीदारी की कर रहे अपील

## गुरु जी ने फेसबुक पर डाली सामग्री मूल्यों की सूची हुई वायरल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज/प्रतापगढ़।** चर्चाओं में बने रहना ही गुरु जी की पहचान बनती जा रही है। कभी स्कूल से गायब रहते है तो कभी खुद की दुकान के प्रचार में लगे रहते है।गुरु जी के करतूतों की चर्चा आम हो गई है। सांगीपुर स्थित एक परिषदीय स्कूल के एक अध्यापक नौकरी से कहीं अधिक खुद के व्यवसाय पर ध्यान दे रहें हैं।

जानकारी के मुताबिक स्थानीय नगर में वह एक बुक स्टॉल खोल रखे है। दुकान से लोग खरीदारी करें इसके लिए उन्होंने फेसबुक के जरिए प्रचार करने लगे। स्कूलों में लगने वाली लर्निंग किट से लेकर स्पोर्ट व दिव्यांग किट के मूल्यों की सूची फेसबुक पर डाल दी। गुरु जी खुद की दुकान से सामग्री खरीदने की अपील करने लगे। किसी ने फेसबुक की स्क्रीनशॉट लेकर सोशल मीडिया पर डाल दिया।देखते ही देखते उक्त मामला तेजी से चारां तरफ फैल गया। लोगों के बीच गुरु जी के प्रचार को लेकर अजीब चर्चाएं होने लगी है। जबकि शासनादेश है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी हो या फिर वित्त से संबंधित कोई इलेक्टेड पद पर बैठा व्यक्ति हो उसकी फर्म से खरीदारी नही की जा सकती हैएलेकिन यहां तो गुरु जी सभी नियमों को दर.किनार कर बैठे है। फिलहाल मामला कुछ भी हो लेकिन गुरु जी के प्रचार करने का तरीका लोगो के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

## प्रसूता की मौत पर हंगामा, चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कुण्डा थाना क्षेत्र के रजनपुर गांव में एक नर्सिंग होम में दुबे पुर गांव की रहने वाली प्रसूता रिशु को प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती कराया गया है। परिजनों का आरोप है कि डाक्टर की लापरवाही से प्रसूता की मौत हो गई। इस पर परिजनों ने हंगामा किया तो पुलिस पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस दौरान परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का गम्भीर आरोप लगाया गया है। मृतका के भाई ने पुलिस से शिकायत किया है।

## सई नदी घाट के पास मिला अज्ञात शव, सनसनी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के सई नदी घाट के पास बोरी में भरा अज्ञात शव मिलने पर हड़कंप मच गया। हत्या कर शव को बोरी में भरकर फेकने की आशंका जताई जा रही है। आसपास के लोगों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और मैजिक डाला पर शव को रख कर पीएम के लिए भेजा गया। अज्ञात शव करीब तीन दिन पहले का बताया जा रहा है। पुलिस शव की शिनाख्त कर रही है।

## चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के मछेहा हर्दो पट्टी में बीती रात चोरों ने तीन घरों को अपना निशाना बनाया। चोरों ने लाखों रुपए के सोने चांदी सहित लाख रुपए नगदी साफ की। मछेहा हर्दो पट्टी गांव के दर्जनों पीड़ित लोग एवं राजापुर के नीलकंठ का पुरवा गांव में शनिवार की रात सात बकरियां चोरी होने की तहरीर देने वाले रविवार को पहुँचे थाने। थानाध्यक्ष का कहना है कि तहरीर मिली है जाँच करके कार्यवाही की जाएंगी।

# विवेकवान नेतृत्व विकास प्रशिक्षण का हुआ समापन

## छह राज्यों के प्रतिभागी हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** तीसरी सरकार अभियान के अन्तर्गत विवेकवान नेतृत्व विकास कार्यक्रम में पंचपरमेश्वर विद्यापीठ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का आज दिव्य भव्य समापन किया गया। कालिका सदन बाबूपुर कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में आयोजित प्रशिक्षण में क्षेत्र के सभ्रांत और प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति ने देश के 6 राज्यों के प्रतिभागियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

तीसरी सरकार के संस्थापक और नेहरू युवा केन्द्र संगठन के पूर्व निदेशक श्री चन्द्र शेखर प्राण के व्दारा क्षेत्र से आये सभी गणमान्य व्यक्तियों का परिचय कराया जिनमें प्रमुख रूप से राम लखन नेताजी, लाल सिंह जी, बबन सिंह जमुआ, दिनेश सिंह जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन, डा0 अमर बहादुर सिंह, महारानी दीन मिश्रा, डा0 ददन सिंह, नवल किशोर वरिष्ठ पत्रकार, सभाजीत सिंह एडवोकेट, राजकुमार शुक्ला, राजीव नयन मिश्रा, ग्राम प्रधान ममता सिंह, राजकिशोर मिश्र, प्रभाकर पाण्डेय, आलोक आजाद, विनीत तिवारी, राजेन्द्र चौहान, लालता प्रसाद मिश्र, उमेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट, वीरू सिंह मालिक गैस्ट हाऊस, सुनील त्रिपाठी सनातनी, उमेश पाण्डेय, रोहित पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों के सत्र को सम्बोधित करते हुए आचार्य कौशल किशोर ने मन को नियंत्रित करने में विवेक का कैसे उपयोग किया जाये विषय पर प्रकाश डाला और फिर योग क्रिया का शांत रहने में क्या योगदान होता है। वरिष्ठ पत्रकार एवं तीसरी सरकार अभियान के संस्थापक सदस्य श्री अरूण तिवारी ने कहा कि डा0 चन्द्र शेखर प्राण के व्दारा पूरे देश में प्रशिक्षणों का आयोजन किया है यह पहली बार हैं जो अपनी जन्मभूमि पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया हैए इस भव्य समापन के लिए क्षेत्र वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रशिक्षण में आज मेरठ से आये नेहरू युवा केन्द्र संगठन के सेवा निवृत्त लेखा एवं कार्यक्रम सहायक व आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रशिक्षक मुकन्द वल्लभ शर्मा के व्दारा इसलिए राह संघर्ष की हम चुनें।


विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

गीत के गायन के माध्यम से पंचपरमेश्वर विद्यापीठ के उद्देश्यों के अनुरूप समाज में पंचायतों के सशक्तिकरण और विवेकवान नेतृत्व के विकास के लिए संकल्पित होन का आव्हान किया। इस अवसर पर डा0 समाज शेखर को प्रतापगढ़ का लोकपाल बनाये जाने पर सभी ने स्वागत करते हुए बधाई दी। प्रशिक्षण के समापन सत्र का संचालन तीसरी सरकार अभियान के वरिष्ठ सदस्य अनिल तिवारी व्दारा किया गया। इस अवसर पर हिसार हरियाणा से आये नेहरू युवा केन्द्र संगठन के पूर्व उपनिदेशक नरेन्द्र यादव ने कहा कि समाज पंचायतों के विकास व युवा नेतृत्व से सम्बंधित प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्र में ही आयोजित किये जाने चाहिए। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले श्री आर्य शेखर ने पंचपरमेश्वर पर गीतों की प्रस्तुति कर विषय परिवर्तन किया। पंचपरमेश्वर विद्यापीठ जैतपुर पट्टी मुरादाबाद के प्रमुख शरीफ हुसैनए द्विजेन्द्र विश्वात्माए अमित त्रिपाठी झांसीए देव कुमारी सोनभद्रए दीक्षा सिंह सुल्तानपुरए विनीत तिवारी अमेठीए देवेश कुमार सिंह जौनपुरएअमन कुमार वर्माए जहानाबाद बिहार विकास कुमार विहारए रेखा रानी हरिद्वार उत्तराखण्डए मूरत सिंह यादव छतरपुरए अनीता कावडकर वैतूल मध्यप्रदेशए मंजू शर्मा मुरादाबादए अभय प्रताप सिंह मिर्जापुर और नलिनी मिश्रा प्रयागराज ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

# एमडीपीजी में आयोजित एनएसएस शिविर में हुआ योगाभ्यास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवम द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ स्वयंसेवियों ने नए जोशए नई ऊर्जा और नए उमंग के साथ सबसे पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन किया।

उसके बाद योग प्रशिक्षक श्री अजय मिश्र के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने योगाभ्यास किया और योग के महत्व को समझा। इसके बाद कार्यक्रम के दूसरे सत्र में स्वयंसेवी 15 से 29 आयु वर्ष के ग्रामीण परिवेश में औपचारिक शिक्षा या नियमित रोजगार में नहीं रहने वाले युवाओं का सर्वेक्षण हेतु कार्यक्रमाधिकारी डा0 शैलेश कुमार पाण्डेय एवं प्रो. अमिता मिश्रा एवं सहयोगी शिव शंकर के नेतृत्व में स्वयंसेवी प्रियांशु गुप्ता, सूरज तिवारी, उत्कर्ष पाण्डेय,द उत्कर्ष तिवारी, लक्ष्मी उमर वैश्य, शिवानी चौरसिया, रिया उमरवैश्य इत्यादि ग्राम परशुरामपुर एवं जोगापुर में सर्वेक्षण किये, जिसमें ग्राम वासियों ने स्वयंसेवियों से अपनी जानकारी साझा की। इसके बाद कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ आज के शिविर का समापन किया।


एनएसएस शिविर में मौजूद स्वयंसेवी व योग प्रशिक्षक।

## अज्ञात चालक के खिलाफ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज/प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीड़ित को चोटहिल करने को लेकर केस दर्ज किया है। रायबरेली जिले के हाजी दुबे का पुरवा निवासी जगदीश प्रसाद शुक्ला के पुत्र हनुमान प्रसाद शुक्ला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती चार मार्च को लालगंज कोतवाली के भटनी तिराहे पर अज्ञात बोलेरो चालक ने गांव के राजकुमार शुक्ला के पुत्र सुधाकर को जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। चोटहिल का लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज जारी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार को अज्ञात चालक के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

# समुचित तालमेल बिठाकर असहायों की सहायता करना ही मुख्य उद्देश्य

## न्यू एंजिल्स स्कूल में मानवाधिकार सहायता संघ की हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मानवाधिकार सहायता संघ भारत अंतर्राष्ट्रीय के सम्बन्ध में विस्तार वार्ता करने के लिये संघ के बौद्धिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉण् विनय कुमार श्रीवास्तव न्यू एंजिल्स विद्यालय में समाज सेवा के कार्यों की जानकारी देते हुए न्यू एंजिल्स स्कूल में समय बिताया।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से किसी के मानवाधिकार का हनन न हो और पीड़ितए शोषितए निर्धन एवं असहाय लोगों की मदद हो सके। इसके लिये संघमित्रों एवं पदाधिकारियों द्वारा प्रत्येक जिले के पुलिस प्रशासन के साथ समुचित ताल मेल बिठाकर जनपदीय अधिकारियों के सहयोग से ग़रीबों असहायोंए निर्धनों एवं पीड़ितों को पूर्ण न्याय दिलाने में सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि संघ जिले में व जिले के बाहर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रबन्धक, शिक्षक, अभिभावकों और नागरिकों के सहयोग से उपरोक्त गतिविधियों का आयोजन करके छात्र छात्राओं एवं समाज को जागरूक करनेए अच्छे कार्य करनेएराष्ट्रप्रेम जागृत करनेए जनकल्याण का कार्य करनेए परोपकार की दृष्टि से बिना किसी भेदभाव केए सभी जाति धर्म एवं सम्प्रदाय को वसुधैव कुटुम्बकमए सर्वे भवन्तु सुखिनः तथा सेवा परमोधर्मः मानते हुए भारत का झंडा ऊंचा रखते हुए मैत्री भाव से समाज के हित के लिये हम सभी प्रतिबद्ध हैं। अंत में न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की चेयरपर्सन डॉ0 शाहिदा ने डॉ विनय को धन्यवाद देते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि मैं और मेरा एन्जिल्स परिवार शिक्षाए शिक्षणए प्रशिक्षणए सामाजिकए साहित्यिक सभी क्षेत्रों में राष्ट्र के एक जागरुक प्रहरी के रूप में मानवाधिकार सहायता संघ अंतर्राष्ट्रीय के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये यथा सम्भव सहयोग करेगा और इसके उन्नति एवं सफलता के लिए प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर आदिल शाहिद, सुनीता पाल, प्रियंका सिंह, चंचल पाण्डेय, प्रज्ञा मिश्रा, रुचि सिंह आदि अध्यापिका, भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।


मानवाधिकार सहायता संघ की बैठक में मौजूद अतिथिगण।

# बीडीओ बिहार के खिलाफ पनप रहा आक्रोश

## प्रधान ने बताया उसके साथ हो रहे भेदभाव की कहानी

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा/प्रतापगढ़।** किसी के साथ लगातार लम्बे समय तक भेदभाव हो तो एक दिन वह उस भेदभाव के खिलाफ विरोध मे खड़ा हो जाता है। बिहार ब्लाक के बीडीओ द्वारा गांव के साथ विकास योजनाओं मे किये जा रहे भेदभाव से आक्रोशित प्रधान पति ने मिडिया से मिलकर न सिर्फ अपनी पीड़ा बताई बल्कि विकास योजनाओं मे मानक मे रहने के बावजूद भी उसके भुगतान के साथ बीडीओ बिहार द्वारा भेदभाव और उत्पीड़न किया जा रहा है।

बिहार ब्लाक के भीखापुर कानेडीह के प्रधान पति बैजनाथ गुप्ता ने कैमरे पर बयान दिया कि एक अधिकारी जनता से चुने प्रतिनिधि के साथ न्याय नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा की जो भी काम कराया गया है वो शासन के नीतियों के अनुरूप कराया गया लेकिन लाखों का पेमेंट रोक दिया गया है। पीड़ित प्रधान के ये भी कहना है की उसने अपने घर का सोना गिरवी रखकर कमीशन का भुगतान एडवांस मे किया था लेकिन बीडीओ बिहार अश्वनी सोनकर द्वारा उसका पेमेंट जान बूझकर रोका दिया गया। उसका एफ टी ओ भी कैंसिल जर दिया गया। जनता के जीते प्रतिनिधि के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ उन्होंने जिले के सक्षम अधिकारिओं से गुहार लगायी है।

# एक्शन में प्रशासन, आज भी उतारी गई शहर की होर्डिंग्स

## एसडीएम सदर, सीओ सिटी, शहर कोतवाल के साथ नपा कर्मी रहे मौजूद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद जिला प्रशासन एक्शन के मूड में है जहां जगह.जगह पुलिस फ्लैग मार्च कर रही हैए वहीं शहर व कस्बों में होर्डिंग्स उतारने का कार्य आज दूसरे भी जारी रहा। शनिवार को शहर के मुख्य मार्गों पर जेसीबी मशीन से बड़ी.बड़ी होर्डिंग्स उतारी गई थी। बची हुई मुख्य मार्गों से होर्डिंग्स उतारने के आज अधिकारी व पुलिस कर्मी फिर सुबह से जुट गये। आज मुख्य मार्गों के अलावा बची हुई होर्डिंग्स को हटाया गया। अधिकारियों का कहना है कि आज पूरे शहर में सभी होर्डिंग्स उतारी गई। इस कार्यवाही में एसडीएम सदर उदयभानए सीओ सिटीए शहर कोतवालए चिलबिला व मकंद्रूगंज प्रभारी के अलावा नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरीलए सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के अलावा अनेक नगर पालिका कर्मी मौजूद रहे। सीढ़ी लगाकर बड़ी.बड़ी होर्डिंग्स को उतारा जा रहा था। बताया गया कि जिलाधिकारी संजीव रंजन ने शहर में एक भी होर्डिंग्स न दिखाई देने का सख्त निर्देश जारी किया हैए जिसके अनुपालन में आज दिन भर नगर पालिका के कर्मचारी पुलिस के साथ होर्डिंग्स को उतारते रहे।


जेसीबी से होर्डिंग्स को उतारने नगर पालिका कर्मचारी।

## आदर्श आचार संहिता लागू एसडीएम ने उतरवायी होर्डिंग

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी/प्रतापगढ़।** आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन हरकत में आ गया। एसडीएम ने कस्बे में लगी होर्डिंग को उतरवाना शुरू कर दिया। शनिवार को आदर्श आचार संहिता लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर लागू हो गई है। इसके बाद प्रशासन अपनी हरकत में नजर आया। एसडीएम पट्टी देश दीपक सिंह कोतवाल आलोक कुमार नायब तहसीलदार पवन सिंह के साथ पट्टी कस्बे के विभिन्न स्थानों पर लगाई गई होल्डिंग को नगर पंचायत कर्मियों के सहयोग से उतरवा दिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जितने भी पार्टी से संबंधित होर्डिंग लगी थी वह सब उतारने का कार्य किया जाएगा। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कर करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

# हत्या के आरोप में आठ को आजीवन कारावास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश नंद प्रताप ओझा ने हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए रामप्यारे वर्मा, विनोद, प्रमोद सुतगण रामप्यारे, रामसुख सुत रामदास, जयप्रकाश, चंद्र प्रकाश, ओम प्रकाश, सुतगण रामसुख समस्त निवासीगण रामपुर गौरी थाना कोतवाली नगर व भैया राम उर्फ शीतला प्रसाद निवासी गड़ई थाना कोतवाली नगर को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को आठ-आठ हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया।

उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी राकेश प्रताप सिंह ने की। वादी मुकदमा रामतूल मिश्र निवासी रामपुर गौरी के अनुसार उससे और गांव के राम प्यारे वर्मा से जमीनी रंजिश थी। कुछ दिन पहले ही उसने गांव के राम किशोर से जमीन का बैनामा लिया था जिससे राम प्यारे वर्मा रंजिश रखते थे तथा जान से मारने की धमकी दिया करते थे। घटना 18 नवंबर 2006 की है। मेरा लड़का कृष्णकांत बैनामा वाले खेत में पानी भर करके लौट रहा था जैसे ही वह खेत से कुछ दूर पर घर की ओर आए वैसे ही राम प्यारे वर्मा आदि सभी अभियुक्त गण एक राय होकर हाथ में लाठी डंडाए सरियाएहाकी व फरसा से लैस होकर हत्या करने के इरादे से उसे मारने लगे। हल्ला गोहार पर प्रार्थी घर में रखी अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर बचाने दौड़ा तो उन लोगों ने मुझे भी मारा-पीटा मेरी लाइसेंसी बंदूक छीन ली ।हमारे लड़के को तब तक माराए जब तक वह मर नहीं गयाए उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के समय मृतक की उम्र लगभग 42 वर्ष थी।

# आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन किया जाए : जिलाधिकारी

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की अधिसूचना दिनांक-16.03.2024 के द्वारा जारी कर दी गई है। जनपद में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बन्ध में 50-कौशाम्बी (अ0जा0) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य का निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए कार्यक्रम नियत किया गया है-निर्वाचन की अधिसूचना का दिनांक-26.04.2024, नाम निर्देशन के लिए अंतिम दिनांक-03.05.2024, नाम निर्देशन की जांच के लिए दिनांक-04.05.2024, नाम वापसी के लिए अंतिम दिनांक-06.05.2024, मतदान का दिनांक 20.05.2024 मतगणना का दिनांक 04.06.2024 तथा वह तारीख जिससे पूर्व निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जायेगा-06.06.2024 है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन किया जाय। इलेक्ट्रानिक मीडिया पर जारी होने वाले प्रस्तावित राजनैतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन की घोषणा मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति (एमसीएमसी) के माध्यम से सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि नामांकन-पत्र के साथ अभ्यर्थियों द्वारा रंगीन फोटो 2 सेमी0ग2ण5 सेमी ;नवीनतम 5 फोटो, जिनके पीछे अभ्यर्थी के हस्ताक्षर, लिफाफे में रखकर नामांकन के साथ दिये जायेगें)। अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से किसी भी बैंक (सहकारी बैंक सहित) या डाकघर में नामांकन प्रपत्र दाखिल करने से एक दिन पूर्व का खाता खोला जाना अनिवार्य होगा। निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित किसी भी मद के लिए अदा की जाने वाली राशि रू0-10000-00 से अधिक नही है, तो ऐसे व्यय को बैंक खाते से निकासी कर-के नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकती है। नामांकन-पत्र में निर्दलीय अभ्यर्थी द्वारा 10 प्रस्थापकों के नाम, दिया जाना आवश्यक है तथा निर्दलीय प्रस्थापकों के नाम सम्बन्धित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में होना अनिवार्य है। लोक सभा के निर्वाचन क्षेत्र के लिए, अभ्यर्थी को उस राज्य के किसी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक होना चाहिए। जमानत धनराशिः-सामान्य जाति के उम्मीदवार के लिए मु. 25000 रुपए एवं अनु.जा./ अ.ज.जा. के उम्मीदवार के लिए मु.12500 रुपए शासकीय सुसंगत लेखा शीर्षक में ट्रेजरी चालान द्वारा, चालान की प्रति मय लेखा शीर्षक के नामांकन-पत्र के साथ रिटर्निंग आफिसर द्वारा दिया जायेगा, जिसे भरकर रिटर्निंग ऑफिसर से पास कराकर, बैंक में धनराशि जमाकर, मूल चालान की प्रति नामांकन-पत्र के साथ जमा किया जाना अनिवार्य होगा। अनु0जाति/अनु0जनजाति के अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण-पत्र नामांकन-पत्र के साथ लगाना आवश्यक होगा। एक अभ्यर्थी द्वारा अधिकतम 04 नामांकन-पत्र रिटर्निंग आफिसर, को जमा कर सकता है, परन्तु जमानत धनराशि एक ही नामांकन-पत्र की जमा होगी, जिसकी फोटोप्रति अन्य तीन नामांकन-पत्रों के साथ संलग्न करनी होगी। नामांकन-पत्र रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय से उम्मीदवार द्वारा लोक अवकाश दिन से भिन्न दिनांक 26.04.2024 से किसी भी दिन पूर्वान्ह 11 बजे से 3 बजे अपरान्ह के बीच प्राप्त किये जा सकते हैं, जिसका लेखा-जोखा रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में रखी पंजी में अंकित किया जायेगा। नामांकन-पत्र उम्मीदवार अथवा उसके किसी प्रस्थापक द्वारा लोक अवकाश दिन से भिन्न किसी भी दिन पूर्वान्ह 11 बजे से 3 बजे अपरान्ह के बीच रिटर्निंग आफिसर के पास किया जा सकता है। उम्मीद्वार के द्वारा प्रारूप-26 (शपथ-पत्र) में वॉछित अभिलेख/सूचनाऐं पूर्ण रूप से भरा जाना आवश्यक है। किसी भी कॉलम की सूचना खाली नहीं छोड़ी जानी चाहिए। यदि उम्मीदवार द्वारा किसी कॉलम को भरा नहीं जाता है या सूचना अपूर्ण या छिपायी जाती है तो ऐसी दशा में नामांकन-पत्र निरस्त करने की कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी, जिसके लिए उम्मीदवार स्वंय जिम्मेदार होगा। अभ्यर्थी द्वारा डाक पता/मोबाइल नं0 आदि उपलब्ध कराना प्रत्येक उम्मीदवार को अपना डाक पता, मोबाइल नम्बर, ईमेल आईडी, व्हाट्सएप नम्बर उपलब्ध कराना आवश्यक है जिससे कि उम्मीदवार को निर्वाचन से सम्बन्धित आवश्यक सूचनाऍ तत्काल उपलब्ध करायी जा सके। अभ्यर्थी द्वारा प्रचार-प्रसार सामग्री की छपाई उम्मीदवार द्वारा निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार के लिए छपाई गई प्रचार सामग्री की एक-एक प्रति रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में उपलब्ध करानी होगी जिस प्रिन्टिंग प्रेस से सामग्री तैयार करायी जा रही है प्रोपराइटर का नाम, फर्म का नाम, पूर्ण पता, मोबाइल नम्बर, ई-मेल, जी0एस0टी0 नम्बर आदि उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। आचार संहिताः लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए जनपद मे आचार संहिता आयोग द्वारा लगायी गयी है, जिसका अनुपालन प्रत्येक प्रत्याशी को करना आवश्यक है। अभ्यर्थी द्वारा रिटर्निंग आफिसर को नामांकन-पत्र प्रस्तुत करने के संबंध में-प्रत्याशी द्वारा रिटर्निंग आफिसर को नामाकंन पत्र प्रस्तुत करते समय 100 मीटर की परिधि में केवल 02 वाहन अनुमन्य है। नामांकन स्थल पर उम्मीदवार सहित कुल 05 व्यक्ति ही एक साथ रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में उपस्थित रह सकते है। नामांकन प्रक्रिया की विधिवत वीडियोग्राफी/सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जायेगी। प्रत्याशी द्वारा किसी भी प्रकार का जुलूस/सभा बिना अनुमति किया जाना प्रतिबन्धित है। उन्होंने कहा कि पेड न्यूज पर निगरानी रखी जायेंगी। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट न किया जाय। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। आयोग की गाइड लाइन के अनुसार अनुमति प्राप्त कर वाहनों पर झण्डा आदि लागाया जाय।इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव वा आगामी त्योहारों पर सुरक्षा को लेकर पुलिस हुई अलर्ट

**जिले के सभी थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था का संदेश दे रहे है पुलिस के जवान**



**कौशांबी।** लोकसभा चुनाव वा आगामी त्योहारों पर सुरक्षा को लेकर जिले की पुलिस पूरी तरह से अलर्ट दिख रही है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा मातहतों को शांति व्यवस्था बनाए जाने के लिए कड़े निर्देश दिए जा रहे हैं। एसपी के निर्देश पर जिले के थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पैदल मार्च कर लोगों को भय मुक्त मतदान व त्योहारों को भाईचारा के साथ मनाए जाने का संदेश दिया जा रहा है। बता दें कि 2024 लोकसभा चुनाव की अधिसूचना लागू होने के बाद एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव गंभीर दिख रहे हैं। उनके द्वारा सभी सर्किल प्रभारियों के अलावा थानाध्यक्षों व चौकी इंचार्ज के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव को पूरी तरह निष्पक्ष व होली, ईद आदि आगामी त्योहारों को शांति व्यवस्था के साथ संपन्न कराया जाए इसके लिए भी उनके द्वारा सभी मातहतों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। एसपी के निर्देश पर जिले के थानाध्यक्षों द्वारा प्रत्येक दिन अपने-अपने थाना क्षेत्र में जवानों के साथ पैदल मार्च करते हुए लोगों को इस बात का संदेश दिया जा रहा है कि वह लोग बगैर किसी के दबाव व भय के अपना मतदान करें। यदि कहीं कोई गड़बड़ी करने का प्रयास करता है तो उससे निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह कमर कस चुका है। रविवार को कौशांबी थानाध्यक्ष द्वारा क्षेत्र में जवानों के साथ पैदल मार्च कर लोगों को यह संदेश दिया गया। इसी तरह महेवा घाट थानाध्यक्ष ने अपने क्षेत्र में पैदल मार्च कर लोगों को भय मुक्त मतदान वह भाईचारा के साथ त्योहारों को मनाए जाने का संदेश दिया।

## कन्ट्रोल रूम का टोल फ्री नम्बर 1950

**दूरभाष नम्बर 05331-232796, 05331-232132 एवं 05331-232030**

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट लैब में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है,जिसका टोल फ्री नम्बर 1950 तथा दूरभाष नम्बर 05331-232796, 05331-232132 एवं 05331-232030 है। मतदाता इन नम्बरों पर कॉल कर निर्वाचन से सम्बन्धित सहायता/ शिकायत दर्ज करा सकतें है। कन्ट्रोल रूम 24 घण्टे संचालित रहेंगा। कर्मचारियों की 08-08 घण्टे की शिफ्ट वार ड्यूटी लगायी गयी है। अधिशासी अभियन्ता, सिचाई जगदीश लाल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता कन्ट्रोल रूम के प्रभारी है।

# बसुहार गांव के तालाब की भूमि पर हलका लेखपाल ने कराया निर्माण

**कौशाम्बी।** उच्च न्यायालय तथा शासन द्वारा बार बार आदेश देने के बाद भी हलका लेखपाल अपनी भ्रष्ट कार्यशैली को सुधाराने का तनिक भी प्रयास नही कर रहा है। चायल तहसील के बसुहार गांव मे तैनात हलका लेखपाल को उच्च न्यायालय व योगी सरकार के आदेशों के विपरीत कार्य करने पर तनिक भी भय नहीं रह गया है पूर्व की सपा सरकार के दुष्य विचारो की मानसिकता से प्रेरित बसुहार गाँव का हलका लेखपाल खसरा खाता गाटा संख्या 913 तालाबी नम्बर की भूमि मे कई अवैध निर्माण करा दिया है यही नहीं हलका लेखपाल द्वारा गाँव की कई सुरक्षित भूमि मे अवैध निर्माण तथा कब्जा करा रखा है जिसके पिछे हलका लेखपाल का निजी आर्थिक स्वार्थ का लाभ है जो ग्रामीणों मे चर्चा का विषय बना हुआ है हलका लेखपाल के इस कृत्य से योगी सरकार की छवि धूमिल हो रही है हलका लेखपाल इतना दबंग प्रवृति का है जिसके भय से ग्रामीण शिकायत करने की हिम्मत नहीं कर पा रहे है दबंग हलका लेखपाल के कृत्य को राजस्व के उच्च अधिकारी पूर्णतः भली भाति जानते हुए भी दबंग लेखपाल के कृत्य पर अंकुश लगाने मे भय खाते हैं सपा मानसिकता का लेखपाल सरकार मे अपने आप को जनपद का उच्च अधिकारी से ऊपर का अफसर समझ रहा है जिससे अपने निजी स्वार्थ के लिए गाँव की सुरक्षित भूमि मे अवैथ निर्माण तथा कब्जा करा रखा है अगर लेखपाल के भ्रष्ट कार्यशैली की निष्पक्ष जाँच करायी गयी तो हलका लेखपाल पर कड़ी कार्यवाही होना तय है।

## न्यूज झरोखा

### खेत में काम कर रहा बालक लापता



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का एक बालक खेत में काम करते वक्त अचानक लापता हो गया है जिससे परिवार के लोग परेशान हो गए हैं घटना को तीन दिन बीत चुके हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है जानकारी के मुताबिक नंगी पासी उम्र 16 वर्ष पुत्र बिंदेश्वरी प्रसाद ग्राम टेंन शाह अलमाबाद थाना मंझनपुर 14 मार्च को अपने माता-पिता के साथ गांव के खेत में काम कर रहे थे खेत में काम कर रहे अपने माता-पिता जी से बालक ने कहा कि मैं जा रहा हूं घर और घर ना जाकर के किसी अन्य रास्ते पर वह चला गया और रास्ता भटक गया बालक के गायब होने के बाद परिवार वालों ने काफी खोजबीन की लेकिन अभी तक परिवार वालों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं मिली है रिश्तेदारी में भी पता लगाने पर जब बालक के बारे में जानकारी नहीं मिली तो उन्होंने 16 तारीख को थक हार कर पुलिस को सूचना दी और पुलिस भी जांच में जुड़ गई है

### नगर पंचायत में लगे सीसीटीवी कैमरा बने शोपीस



**अझुवा कौशांबी** सुरक्षा के मद्देनजर नगर पंचायत अझुवा के प्रमुख चौराहा एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए 6 सीसीटीवी कैमरे शोपीस बनकर रह गए चौकी पुलिस ने बताया नगर पंचायत द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरे की मॉनिटरिंग चौकी पुलिस करती है सीसीटीवी कैमरा लगाने कुछ माह बाद ही कैमरा में कोई फुटेज नहीं मिल पा रही है। इसकी मरम्मत करने में नगर पंचायत उदासीन बना हुआ है ऐसे में कस्बे में कोई बड़ी वारदात हो जाए तो अपराधियों को शिनाख्त करना पुलिस के लिए मुश्किल हो जाएगा जिस उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाए थे इसका मकसद पूरा नहीं हो रहा है सीसीटीवी कैमरा खराब होने के पीछे नगर पंचायत गर्मियों की उदासीनता बताई जा रही है नगर पंचायत के व्यस्ततम चौराहा भोला चौराहा,शायरी माता तिराहा सब्जी मंडी,टांडा मोड़,टेंडरी मोड़ के पास सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था जिसका उद्धाटन जिले के कप्तान ने किया था भोला चौराहे के पद कैमरे जमीन या आसमान की ओर निगाहबानी कर रहा है।अझुवा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य ने बताया पिछले 2 माह से सीसीटीवी खराब है जिसकी शिकायत नगर पंचायत के जिम्मेदारों से कई बार की गई किंतु सीसीटीवी कैमरा ठीक नही कराया गया है।

### जाम में फंसी एम्बुलेंस को चौकी इंचार्ज ने दिलाया रास्ता



**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी अन्तर्गत मूरतगंज बाजार के पास जीटी रोड पर लगे जाम में दो एम्बुलेंस फंस गई जिसको देख कर मूरतगंज चौकी प्रभारी मनोज तोमर अपने साथ पुलिस बल लेकर जाम को जल्द से जल्द हटवा कर एम्बुलेंस को रास्ता दिलाया। जाम के बीचों बीच फंसी एम्बुलेंस का निकलना मुस्कील हो रहा था, लम्बे ट्रैफिक के कारण वाहन टस से मस नहीं हो पा रहे थे चौकी इंचार्ज मनोज तोमर पुलिस बल के साथ पहुंचे और सर्व प्रथम जाम में फंसी एम्बुलेंस को रास्ता दिलाया उसके बाद रोड पर लगे जाम को हटवाया चौकी इंचार्ज के इस कार्य की देखने वालो सराहना की। जाम हटवाने के बाद मूरतगंज चौकी पुलिस के साथ मूरतगंज कस्बे बाजार में पैदल गस्त कर लोगो को सुरक्षा का भरोसा दिलाया, लोक सभा चुनाव के मद्दे नजर सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए कई संदीग्ध वाहनों की चेकिंग भी की गई।

### कोल्ड स्टोरेज से घर जा रहे मलिक की कार को डंपर ने मारी टक्कर, तेज रफ्तार लग्जरी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ी



**भरवारी कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के रामपुर सुहेला के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है जहा तेज रफ्तार डंपर ने लग्जरी कार में टक्कर मार दिया है जिससे कार रोड डाइवर्जन के चलते अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टक्कर लगते हुए दूसरे डिवाइडर पर चढ़ गई,गनीमत रही कि कार के एयरबैग खुल गए अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो जाता। बताया जाता कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह 6 बजे कुम्हियावा निवासी अजय केशरवानी पुत्र मोहनलाल अपने कोल्ड स्टोरेज टेवा से कार नम्बर वढ 73 अउ 0517 से भरवारी एनडी कालोनी जा रहे थे जैसे ही कार सवार अजय कोखराज थाना क्षेत्र के रामपुर सुहेला के पास पहुँचे तेज गति डंपर ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दिया है टक्कर के बाद कार रोड डाइवर्जन के चलते अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराते हुए दूसरे डिवाइडर पर चढ़ गई,हादसे के दौरान कार का एयरबैग खुल गया जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीण राहत एवं बचाव कार्य में लग गए।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाए जा रहे यातायात से संबंधित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध साधन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 121 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों को सीज किया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार रेलवे स्टेशन के पास दिल्ली हावड़ा डाउन लाइन पर एक वृद्ध महिला की ट्रेन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रमपतिया उम्र लगभग 64 वर्ष पत्नी रामेश्वर निवासी अखाड़ा पर कनवार बीती देर रात्रि लगभग 10.30 बजे रेल ट्रैक उस पार अपने दूसरे घर जा रही थी ट्रैक पार करते समय डाउन लाइन पर किसी ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे वृद्ध महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर औपचारिकता में जुट गई।

## 07 भैंस पड़वा ले जाते 02 अभियुक्त तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस उप निरीक्षक राम सजीवन साहू व उप निरीक्षक सुनील कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा ग्रस्त/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों अयूब पुत्र नसीम अहमद ,अफतार पुत्र गुलजार निवासी गण पारा हसनपुर थाना करारी को 01 अदद पिकअप यू पी 73 टी 2936 में 02 राशि भैंस व 01 राशि पड़िया व 04 राशि पड़वा को ठुस ठुस कर भरकर ले जाते हुए तुतीर्पुर बड़ा पाचंभा मार्ग से गिरफ्तार किया गया जामा तलाशी से अभियुक्त अयूब के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर तथा अभियुक्त अफतार के कब्जे से 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 47/24 धारा 11(1)घ पशु क्रूरता अधिनियम व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया।

## तमंचा कारतूस के साथ जुआरी गिरफ्तार

**कौशांबी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम उ०नि० रणजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्त जुगेन्द्र पटेल पुत्र राम सेवक नि० फरीदगंज थाना कड़ाधाम एवं धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व० अनन्त कुमार मिश्रा नि० दारानगर थाना कड़ाधाम को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। मालफड़ से 1870 रुपये तथा जामातलाशी से अभियुक्त जुगेन्द्र के कब्जे से 230 रुपए व 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर तथा अभियुक्त धर्मेन्द्र के कब्जे से 310 रुपए व तमंचा 12 बोर 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर एवं 52 अदद तास के पत्ते बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 44/24 धारा 13 जुआ अधिनियम व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

## तीन देशी बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस उ0नि0 नीरज कुमार सिंह व उ0नि0 छोटेलाल सरोज मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त रामबाबू पुत्र मेढ़ीलाल नि0 जमदुआ थाना करारी को सालेपुर महेन्द्र तिराहे के पास से 03 अदद देशी बम के साथ गिरफ्तार किया है गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 48/24 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## एक वांछित व चार वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सैनी पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गुड्डू उर्फ निरंजन लाल पुत्र स्व0 इन्द्रपाल नि0 त्रिलोकपुर थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को त्रिलोकपुर से गिरफ्तार किया गया। वारण्टी अभियुक्तों में बहोरे लाल पुत्र दुखीलाल नि0 हिसामपुर थाना करारी जनपद कौशाम्बी, वारंटी अभियुक्तों राम नरेश पुत्र देवनाथ व सुनील पुत्र उमेश नि0गण पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी एवं आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त सन्तोष सिंह पुत्र गुलाब सिंह नि0 मुजाहिदपुर थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

## नारी सुरक्षा स्वालंबन में अभियान चलाकर किया गया जागरूक

**कौशांबी।** नारी सुरक्षा/स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना पुलिस टीम द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में भ्रमण किया गया इस दौरान बालिकाओं/महिलाओं को उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

# ससुरालयों की प्रताड़ना से क्षुब्ध महिला ने किया था सुसाइड

**पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**



अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के कनवार रेलवे स्टेशन के पास रेलवे कॉलोनी में बीते 16 मार्च को महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी आत्महत्या की सूचना पर पहुंचे मृतक महिला आस्था मिश्रा के पिता सुरेश मिश्रा निवासी ग्राम बेरी कोहड़ार मेजा ने आस्था के पति अमित मिश्रा, सास उषा देवी ,ससुर अश्वनी कुमार मिश्र निवासी म्लाधर चिल्ह मिजार्पुर के खिलाफ सैनी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। सुरेश मिश्र ने कहा उन्होंने अपने हैसियत के अनुसार 24 मई 2020 को आस्था की शादी अमित से की थी कुछ दिनों बाद ही गाड़ी दान दहेज के लिए उनकी पुत्री को परेशान किया जाने लगा जिसकी शिकायत बेटी अपनी मां से फोन पर देती रही, घर में मिले कमरे में रहने नही देते थे।किसी तरह समझा बुझा कर ससुराल में रहने के लिए कहा जाता था,आस्था का पति रेलवे विभाग में कनवार स्टेशन क्षेत्र में ट्रैक मेंटेनर है आस्था अमित के साथ रेलवे कालोनी कनवार में रहने लगी,लेकिन प्रताड़ना से तंग आकर आस्था ने 16 मार्च शनिवार को सुसाइड कर लिया।सैनी कोतवाली पुलिस ने ससुर,सास ,पति पर 498 ए, 304 बी0 सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत छानबीन में जुट गई वही पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक महिला ने सुसाइड नोट में लिखा था इतना डिप्रेशन में वह नही जी सकती वह जा रही है,यदि उसके माता, पिता ,पति को परेशान किया गया तो खा जाऊंगी। कुछ शब्द अंग्रेजी में भी लिखे थे।

## सोशल मीडिया पर महिला की आपत्ति जनक पोस्ट करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पीड़िता द्वारा शिकायती पत्र के माध्यम से बताया गया कि एक युवक द्वारा उसका आपत्तिजनक वीडियो/फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। जिसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर क्राइम थाना को नियमानुसार विधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ज्ञात हो कि इस क्रम में रविवार को साइबर क्राइम थाना पुलिस प्र0नि0 गणेश प्रसाद सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 46/24 धारा 507/509ख/354डी भादवि व 67 आईटी एक्ट से संबन्धित वांछित अभियुक्त छोटू उर्फ प्रदीप गुप्ता पुत्र चुनबदिया नि0 पौहार थाना बदौसा जनपद बांदा को नहर पुलिया करारी मोड के पास से गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा जा रहा है।

## चौराहे पर जाम लगने से आए दिन होते है हादसे

**महगाव कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौराहे पर ट्रैफिक की सुरक्षा में लगे ट्रैफिक पुलिस के गार्ड रोड पर लगे जाम पर ध्यान नहीं देते बल्कि कपड़ो की दूकान पर लगी भीड़ पर ध्यान देते हैं इसी लिए तो इन दिनों मूरतगंज चौराहे के आस पास प्रतिदिन दुर्घटना होती हैं। यातायात के निरीक्षक और सिपाही जाम को खत्म करने के बजाय पूरे दिन बालू वाहनों से वसूली में मस्त दिखाई पड़ते हैंकौशाम्बी जनपद का सबसे विख्यात और व्यस्त बाजारों में से एक मूरतगंज चौराहा है जहां दिनभर रात भर बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है और बड़ी मात्रा में रोड़ पर वाहनो की वजह से जाम लग जाते है। जिससे दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं ट्रैफिक पुलिस की ओर से केवल नाम चार के लिए एक दो होमगार्ड लगा दिए जाते है जिनको कोई नहीं सुनता हैं होमगार्ड की बात कोई नहीं सुनता है जिससे ट्रैफिक व्यवस्था सुरक्षा में तैनात होमगार्ड भी निष्क्रिय हो कर बैठ जाते है और कपड़ो की दूकान की सुरक्षा करने लगते हैं। इनका दोष नही है क्या ट्रैफिक की सुरक्षा होमगार्ड के भरोसे चल रहीं हैं सुबह से शाम तक कोई भी यातायात पुलिस का इंस्पेक्टर और उच्च अधिकारी नही दिखाई देते हैं। होमगार्ड भरोसे कहा तक यातायात व्यवस्था चलेगी।

# पूर्व सैनिक सयुक्त संगठन उत्तर प्रदेश ने मनाया प्रथम स्थापना दिवस



**कौशाम्बी।** जिले के मुख्यल्य मंझनपुर नारायणी वाटिका गेस्ट हाउस में पूर्व सैनिक सयुक्त संगठन ने प्रथम स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जिसमें लखनऊ कानपुर प्रयागराज, फतेहपुर, वाराणसी सहित कई जनपदों से पूर्व सैनिकों ने अपनी सहभागिता निभाई मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य धरम राज तिवारी काशी क्षेत्र थे दूर दराज से आए सभी सैनिकों को तिरंगा पट्टी माल्यार्पण अंग वस्त्र साल एवम संगठन का मोमेंटो दे कर सम्मानित किए गया इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने सभी को संगठन के साथ एक जुट रह कर पूर्व सैनिकों को होने वाली समस्याओं के निस्तारण के लिए काम करने को कहते हुए सभी से आग्रह किया प्रथम स्थापना दिवस पर कई वीर नारियों को भी सम्मानित किया प्रथम स्थापना दिवस पर प्रयाग राज के अंकुर हॉस्पिटल एवम नारायण स्वरूप ने अपनी स्टाल लगा कर कई पूर्व सैनिकों की जांच करते हुए फ्री इलाज किया मंचासिन सभी लोगो ने अपनी अपनी बात सैनिकों के हित में रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजमेर बहादुर सिंह ने सभी को धन्यवाद दिया अंकुर हॉस्पिटल के डॉक्टर राजीव श्री वास्तव ने कौशांबी में अपना एक पैनल लगाने के लिए मंच के माध्यम से ऐलान किया पूर्वी क्षेत्र अध्यक्ष ए के द्विवेदी ने कहा कि सैनिक देश के लिए लड़ता है लेकिन जब सैनिक के घर परिवार जमीन जायदाद के मामले आते हैं तो प्रशासन उनकी मदद नही करता ऐसे में हम सब को संगठित रह कर अपने हक अधिकार के लिए लड़ना है और पूर्व सैनिकों से जुड़े मामलों को संगठन के माध्यम से प्राथमिकता पर शासन प्रशासन तक पहुंचना और निस्तारण करवाना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम में तमाम पूर्व सैनिकों ने अपनी अपनी बात रखते हुए कौशाम्बी जिले में सैनिक अस्पताल व कैंटीन बनाने की मांग उठाई गई जिस पर संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने इस बात को केंद्र सरकार तक पहुंचाने का सभी को आश्वासन दिया इस दौरान मंझनपुर विधानसभा के पूर्व भाजपा विधायक लाल बहादुर महेंद्र सिंह मनोज कुमार ए बी सिंह धर्म राज तिवारी महेश मिस्त्रा आर बी पांडे ए के द्विवेदी मनोज कुमार तोमर संजीव कुमार चौरसिया अजय राज तिवारी हरी शंकर सिंह चौहान के पी चौहान श्री राम शिव हरे महेश मिस्त्रा शारदा प्रसाद वर्मा जय नारायण मिस्त्र वीर नारियां एवम सैकड़ों पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

### भारत का वैभवशाली विवाह संस्कार

स्वतंत्रता प्राप्ति के समय जहाँ भारत की गणना एक निर्धन राष्ट्र के रूप में होती थी, वहीं इन 75 वर्षों में भारत ने सभी क्षेत्रों में अत्यधिक प्रगति की है। आज भारत को गर्व है कि हमारे देश में एक ऐसे विवाह का आयोजन हो रहा है, जो सम्पूर्ण विश्व को अचम्भित करने वाला है। यदि इतिहास के पृष्ठों पर दृष्टिपात किया जाए तो, हमें किसी भी विवाह समारोह में इतने वैभवपूर्ण संस्कार की कोई सूचना नहीं मिलती है। विवाह पूर्व आयोजित अम्बानी परिवार में होने इस संस्कार समारोह के आधार पर यदि विवाह के मुख्य आयोजन की वैभवता का अनुमान लगाया जाए तो सम्भवतया इसकी वैभवता सर्वोच्च स्तर की होगी। इस विवाह के जानकारों का अनुमान है कि केवल एक दिन के संस्कार में जहाँ विश्व के अधिकांश धनी व्यक्ति अपना आशीर्वाद देने हेतु उपस्थित हुए, उन्होंने पानी के जहाज, टापू, गाड़ियाँ, दुर्लभ हीरों की अंगुठियाँ आदि करोड़ों के उपहार स्वरूव भावी वर-वधू को भेंट की, मेहमानों के मनोरंजन हेतु केवल एक कलाकार को 2 घंटे के आयोजन में 80 करोड़ से अधिक रुपए दिए गए। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुमान के अनुसार एक दिन के संस्कार समारोह में 1000-1500 करोड़ रुपए व्यय हुए और अनुमान है कि मुख्य विवाह समारोह में 4-5 हजार करोड़ तक व्यय किया जा सकता है। इस विवाह की एक और विशेषता यह भी थी कि जहाँ बाहर के मेहमान तो बहुत दिखाई दिए, परन्तु घर-परिवार के मेहमानों की उपस्थिति नगण्य रही। समारोह की सम्पूर्ण भव्यता इवेन्ट कम्पनियों के हाथों में थी। इतने वृहद स्तर का आयोजन होना, वर्तमान में भारत की सम्पन्नता की पहचान है। भारत को गर्व है कि जिस भारत को अंग्रेजो ने रात-दिन लूटा और एक निर्धन देश बनाकर चले गए, आज उस देश का एक परिवार अपने लाडले के विवाह में हजारों करोड़ रुपए व्यय कर पूरे विश्व को दर्पण दिखा रहा है। भारत को गर्व है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्षों के पश्चात यहाँ अम्बानी जैसे धन और ऐश्वर्य से परिपूर्ण अनेको परिवार हैं, यथा- अडानी, शिव नादर, सावित्री जिन्दल, दिलीप सांघवी, राधाकृष्ण दमानी, साईरस पूनावालिया, टाटा, बिरला, गोदरेज, अजीम प्रेमजी, उदय कोटक, शपूर मिस्त्री आदि ऐसे अनेकों परिवार हैं जोकि विश्व में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाकर रखे हुए हैं।

इसके इतर भारत की एक दूसरी तस्वीर भी प्रकट होती है, जिसके अन्तर्गत भारत की लगभग 85 करोड़ जनता के पास 2 वक्त की रोटी भी उपलब्ध नहीं है, जिनका भरण-पोषण हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी कि कृपा से हो रहा है। जब हमें इस प्रकार के समाचार सुनने को मिलते हैं तो मन अत्यधिक विचलित होता है।

उपरोक्त दोनों तथ्यों का आंकलन कर यही प्रमाणित होता है कि सम्भवतया भारत की सम्पन्नता मात्र कुछ हाथों में ही सिमट कर रह गई है और देश की अधिकांश जनता केवल अपने अश्रुपूर्ण नेत्रों से इस सम्पन्नता और भारत के गौरव को निहारने के लिए विवश है। हम आशा करते हैं कि आने वाले समय में हमारा देश भारत, संतुलित विकास करेगा, जिससे रामराज्य की संकल्पना साकार हो सकेगी।

## संविधान मिटाने की कोशिश भाजपा को भारी पड़ेगी

– प्रो. रविकांत

देश के मतदाताओं को समझ लेना चाहिए कि 'अबकी बार 370 पारह्ण का नारा क्यों दिया जा रहा है? नरेंद्र मोदी का 370 पार का लक्ष्य संविधान को बदलने के लिए है। दरअसल, संविधान में आमूलचूल परिवर्तन के लिए लोकसभा और राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत तथा आधे से अधिक राज्यों में संबंधित पार्टी की सरकारें होना जरूरी है। अनंत कुमार हेगड़े ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि हमारा 370 पार करने का लक्ष्य संविधान को बदलने और धर्म की रक्षा करने के लिए है।

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कर्नाटक के भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने संविधान को बदलने के बारे में बयान दिया है। नरेंद्र मोदी ने अबकी बार 400 पार का लक्ष्य क्यों रखा है? इसकी असली वजह बताते हुए अनंत कुमार हेगड़े ने कहा है कि –संविधान बदलने और धर्म की रक्षा के लिए इतना बड़ा बहुमत चाहिए। अनंत कुमार हेगड़े के इस बयान को केवल शरारतपूर्ण या सनसनी पैदा करने वाला नहीं माना जा सकता। दरअसल यह बीजेपी और आरएसएस का असली एजेंडा है, जो एक सांसद के जुबान के जरिए प्रकट हुआ है। इसलिए राहुल गांधी ने अनंत कुमार हेगड़े के इस बयान पर जोरदार हमला बोला। राहुल गांधी ने लिखा कि –नरेंद्र मोदी और भाजपा का लक्ष्य बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर के संविधान को खत्म करना है। उन्हें न्याय, बराबरी, नागरिक अधिकार और लोकतंत्र से नफरत है। राहुल गांधी ने गुजरात में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान इस बात को खास तौर पर रेखांकित किया। दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के नौजवानों का संविधान की रक्षा के लिए आह्वान करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिए आप लोग आगे आएं। इंडिया आपके साथ खड़ा है। राहुल गांधी आपके साथ है।

अनंत कुमार हेगड़े के बयान पर बेहद कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी को घेरा। ट्विटर पर उन्होंने लिखा कि–समाज को बांटना, मीडिया को गुलाम बनाना, अभिव्यक्ति की आजादी पर पहरा और स्वतंत्र संस्थाओं को पंगु बनाकर विपक्ष को मिटाने की साजिश से नरेंद्र मोदी भारत के महान लोकतंत्र को संकीर्ण तानाशाही में बदलना चाहते हैं। राहुल गांधी ने आगे लिखा कि –हम आजादी के नायकों के सपनों के साथ यह षड्यंत्र सफल नहीं होने देंगे और अंतिम सांस तक संविधान से मिले लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

अनंत कुमार हेगड़े के बयान से भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस के छिपे हुए मंसूबे उजागर हो गए हैं। देश के मतदाताओं को समझ लेना चाहिए कि 'अबकी बार 370 पारह्ण का नारा क्यों दिया जा रहा है? नरेंद्र मोदी का 370 पार का लक्ष्य संविधान को बदलने के लिए है। दरअसल, संविधान में आमूलचूल परिवर्तन के लिए लोकसभा और राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत तथा आधे से अधिक राज्यों में संबंधित पार्टी की सरकारें होना जरूरी है। अनंत कुमार हेगड़े ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि हमारा 370 पार करने का लक्ष्य संविधान को बदलने और धर्म की रक्षा करने के लिए है। ऐसे में दो सवाल उठते हैं। पहला, अगर संघ और भाजपा की यही मंशा है तो नरेंद्र मोदी और मोहन भागवत खुले तौर पर इसका ऐलान क्यों नहीं करते? क्या उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए डंके की चोट पर यह ऐलान नहीं करना चाहिए कि 'तुम मुझे वोट दो मैं तुम्हें संविधान बदलकर दूंगाह्ण। मोदी और भागवत को खुलकर बोलना चाहिए कि फिर से सत्ता में आने पर हम डॉ. अंबेडकर का संविधान बदलकर हिंदू राष्ट्र का नया संविधान बनाएंगे।

हालांकि यह आरएसएस का कोई नया एजेंडा नहीं है। संघ ने हमेशा से संविधान, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का अनादर किया है।

संविधान पारित होने के 3 दिन बाद 30 नवंबर 1949 को आरएसएस के मुख्य पत्र ऑर्गनाइजर ने अपने संपादकीय में लिखा था कि, 'भारत के संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं है क्योंकि इसमें मनु की संहिताएं नहीं है। इसलिए उन्हें यह संविधान स्वीकार नहीं है।ह्ण सर्वविदित है कि आरएसएस ने अपने मुख्यालय पर चार दशक तक तिरंगा नहीं फहराया। राष्ट्रगान को लेकर भी आरएसएस ने भ्रम फैलाया कि इसमें इंग्लैंड के राजा का महिमामंडन किया गया है। जबकि यह बात पूरे तरीके से निराधार और असत्य है। इसी तरह तीन रंगों की पट्टियों के मध्य में नीले रंग के बौद्ध धर्म के प्रतीक धर्मचक्र परिवर्तन से युक्त तिरंगे को आरएसएस अशुभ कहता रहा। राष्ट्रध्वज का आरएसएस ने कभी दिल से सम्मान नहीं किया। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि 20 जनवरी 2024 को जब राम मंदिर का उद्घाटन हुआ तो पूरे देश को भगवा से पाट दिया गया। इसका व्यापक प्रभाव 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस पर पड़ा। पूरे देश में लहराते भगवा झंडों से तिरंगे की आभा और शान कमजोर हुई। यह तिरंगे का अपमान है और भगवा को राष्ट्रध्वज के रूप में थोपने की नापाक कोशिश। हिन्दुत्ववादी भाजपा जब भी सरकार में आई, संविधान को बदलने की कोशिश हुई। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में एन. वैंकट चलैया की अध्यक्षता में संविधान समीक्षा आयोग बनाया गया। विरोध के चलते अटल बिहारी वाजपेयी की मंशा पूरी नहीं हो सकी। दस साल तक केंद्र में यूपीए की सरकार में संविधान और लोकतंत्र की संस्थाएं मजबूत हुईं। 2014 में राष्ट्रवाद के छद्म और अच्छे दिन के वादे के नाम पर पूर्ण बहुमत के साथ बीजेपी सत्ता में आई। नरेंद्र मोदी के प्रधानमन्त्री बनने के बाद हिन्दुत्ववादी संगठन खुलकर डॉ अम्बेडकर के संविधान को बदलकर हिन्दू राष्ट्र का नया संविधान लागू करने के लिए मचलने लगे।

# बिसात पर भारतीय लोकतंत्र

@ राकेश अचल

भारत का लोकतंत्र अठारहवीं बार बिसात पर है। लोकतंत्र को जीतने के लिए बाजियां लग रहीं है। कोई जान की बाजी लगा रहा है तो कोई ईमान की बाजी लगा रहा है। किसी ने आँखें खोलकर बाजी लगाने की तैयारी की है तो कोई आँखें बंद कर 'ब्लाइंड' खेलने पर आमादा है। सबकी अपनी-अपनी तैयारी है। किसी ने 2024 के लिए दांव लगाने का इंतजाम किया है और किसी की नजर 2047 पर है। यानि एक से बढ़कर एक योद्धा मैदान में हैं और बेचारे मतदाता की जान सांसत में है। लगता है जैसे वो खुद मोहरा है। सभी मिलजुलकर उसी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।







भारत में चुनाव कोई नयी बात नहीं है। जब भारत आजाद नहीं था तब भी उसने चुनाव देखे हैं और आजाद होने के बाद से लगातार भारत और भारत का जनमानस चुनावों से गुजरता हुआ ही 1947 से 2024 तक आ पहुंचा है। चुनाव कराने के लिए भारत के पास एक केंद्रीय चुनाव आयोग है। इस आयोग को चुनाव लड़ने वाले और चुनाव में मोहरा बनने वाले लोग प्यार से 'केंचुआ' कहते हैं, लेकिन मै ठहरा साहित्य का विद्यार्थी, इसलिए मै चुनाव आयोग को केंचुआ नहीं बल्कि 'भूमिनाग' कहता हूँ। रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास ने भी केंचुए को भूमिनाग कहकर ही इज्जत बक्शी है।

आप केंचुआ को दंतहीन, नखहीन या विषहीन कहें लेकिन केंचुआ है कि पूरे पांच साल चुनावों की तैयारी करता है। ये तैयारी युद्धस्तर की होती है और हर चुनाव के बाद नया चुनाव केंचुआ के लिए एक बड़ी चुनौती होता है, क्योंकि हर चुनाव में मतदाताओं की संख्या में घट-बढ़ होती रहती है। देश की विविधता तथा संस्कृति ही नहीं बल्कि भूगोल भी केंचुआ की तैयारियों को प्रभावित करता है। मतदान कराने के लिए मतदाताओं तक चुनाव लड़ने वाले पहुंचे या न पहुंचें लेकिन केंचुआ वहां तक पहुंचता है। इसलिए केंचुआ तमाम निन्दा और आलोचनाओं के बावजूद प्रशंसा का पात्र भी है। 'केंचुआ पहाड़, जंगल, नदी-नाले, सर्दी, गर्मी, बरसात की तमाम बाधाओं को पार करने में सिद्धहस्त हो चुका है। समय के साथ केंचुआ की महारत भी लगातार बढ़ी है।

देश में अठारहवीं बार संसद के लिए चुनाव करने जा रहे केंचुआ ने इस बार लगभग 97 करोड़ मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल कराने के लिए इंतजाम किये हैं ताकि झंझावातों में फंसा लोकतंत्र महफूज रह सके, उसका फ्यूज न उड़े। लोकतंत्र का फ्यूज उड़ाने की हालिया कोशिशों से सारा देश और दुनिया वाकिफ है, इसलिए इस पर विस्तार से फिर कभी। केंचुआ ने 18 साल के नवोदित मतदाता से लेकर शतायु हो चुके मतदाताओं की भी चिंता की है। देश का सौभाग्य है कि उसके पास आज भी दो लाख से ज्यादा ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने पूरी शताब्दी देखी है । केंचुआ ने इस बार 85 साल की उम्र पार कर चुके मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की व्यवस्था भी की है ,यदि वे चाहें तो। केंचुआ वृहन्नलाओं की भी बराबर फिक्र करता है।

भारतीय लोकतंत्र में हर तरह का बल इस्तेमाल किया जाता है । केंचुआ के पास चुनाव के लिए डेढ़ करोड़ कर्मचारी और लाखों का फौज-फांटा होता है। केंचुआ के समाने केवल गौधन, गजधन, बाजधन और रतनधनों से निबटने की ही चुनौती नहीं होती बल्कि उसे 'इलेक्टोरल धन' और बाहुबल से भी निबटना पड़ता है। हर किसी की कोशिश होती है कि वो लोकतंत्र की डोली बलात अपने घर ले जाये। कभी इसमें कामयाबियां भी मिलती हैं और कभी नहीं भी। बलाबल के इस्तेमाल से जब-तब चुनाव रक्तरंजित भी हो जाते हैं, लेकिन केंचुआ का कहना है की वो चुनावों में किसी भी सूरत में रक्तपात नहीं होने देगा। मेरा मन करता है कि इस आश्वासन के लिए मै केंचुआ के मुंह में घी-शक्कर भर दूँ। खुशी की बात है कि केंचुआ सियासत में बढ़ती अदावतों और घटियापन से भी वाकिफ है।

लेकिन ये सिर्फ खुशी की बात है संतुष्ट होने की बात नहीं, क्योंकि सियासत के घटियापन से निबटने के लिए केंचुआ घटियापन कहाँ से लाएगा ? केवल एडवांस एडवाइजरी जारी करने से तो बात बनने वाली नहीं है। इसके लिए 'एक्शन' की भी जरूरत है जो शायद केंचुए के बूते की बात नहीं है, क्योंकि आखिर केंचुए को झुकना तो अपने नियोक्ता के प्रति ही है। हालाँकि केंचुआ नियोक्ता के प्रति नहीं बल्कि संविधान के प्रति जबाबदेह है। केंचुआ भी इस हकीकत से वाकिफ है लेकिन उसकी अपनी मजबूरियां भी हैं। जैसे सभी को राम कठपुतलियों की तरह नाचते हैं, उसी तरह केंचुए को भी नचाने वाले/ नथने वाले तमाम सपेरे देश की सियासत में मौजूद हैं। [खुदा खैर करे ]

चुनाव गोया की एक पर्व है इसलिए उसे पर्व की ही तरह मनाया जाना चाहिए न कि महाभारत की तरह और न कि किसी जुए की तरह खेला जाना चाहिए। पर्व में होम-हवन सब होता है। चुनाव में भी बहुत सा जनधन और मानवश्रम का होम-हवन होगा इसलिए जरूरी है कि इस पर्व में सभी पक्ष एहतियात बरते। हम लिखने वालों की यही 'एडवाइजरी' है। इससे ज्यादा हम लोग कर भी क्या सकते हैं ? केंचुआ भी तो हमारी ही तरह कभी कुछ नहीं कर पाता। देश का दुर्भाग्य ये है कि देश का बुद्धिजीवी समाज भी केंचुए की तरह अपवादों को छोड़कर नख-दन्त विहीन हो चुका है। अपने-अपने बिल में घुसा हुआ है। एक दशक की अराजकता /रामराज के बावजूद 1975 की तरह समग्र क्रांति का बिगुल नहीं फूंक पाया है। समस्या ये है कि देश बार-बार जयप्रकाश नारायण कहाँ से लाये। देश को इंदिरा मैया और मोदी भैया तो बार-बार मिल जाते हैं। देश को इस चुनाव के जरिये 2047 के लिए नहीं 2029 तक के लिए ही सरकार को चुनना है। 2047 तक तो उसे बार बार सरकार चुनने का मौका मिलेगा, इसलिए दूर की न सोचें, पास की ही सोचे। देश में पहले भी पंचवर्षीय योजनाएं बनाकर काम होता रहा है, 23 वर्षीय योजनाएं दुनिया के किसी भी देश में न बनाई जाती हैं और न उनके ऊपर काम हो पाता है, उलटे इस कोशिश में 'घल्लूघारा' हो जाता है। इससे बचने की जरूरत है। जरूरत से ज्यादा सोचना और करना हमेशा लाभदायक नहीं होता। वैसे दूर-दृष्टि और पक्का इरादा कांग्रेस का पुराना नारा रहा है और 'गारंटी' भी कोई नया शब्द नहीं है। कांग्रेस ने महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार योजना में गारंटी बहुत पहलेबाबस्ता कर दी थी। फर्क सिर्फ इतना है कि कांग्रेस की गारंटी महात्मा गाँधी के नाम से थी और भाजपा की गारंटी महात्मा मोदी जी के नाम से है। बहरहाल अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव सात चरणों में होना है। होना ही चाहिए। हमारे यहाँ सात भांवरों का,सात-पांच वचनों का बड़ा महत्व है। हमारे खगोल शास्त्र में भी सप्तऋषियों का उल्लेख मिलता है। हम सात जन्मों और सात समंदरों में यकीन करने वाले लोग हैं। इसलिए मतदान भी सात चरणों में हो तो कोई आपत्ति नहीं करना चाहिये। आखिर केंचुआ को भी तो किसी न किसी को उपकृत करना होता है। इत्ता बड़ा देश है यदि एक-दो चरण में नयी सरकार चुन लेगा तो लोग क्या कहेंगे ? लोगों को कहने का कोई मौका नहीं दिया जाना चाहिए, फिर भी 'कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना', छोडो बेकार की बातों को, कहीं बीत न जाये महीना। आखरी बात ये है कि इस चुनाव में फिलहाल 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का सपना तो पूरा नहीं हो रहा किन्तु सिक्किम, ओडिशा, अरुणाचल, आंध्र जैसे अनेक राज्य हैं जहाँ की जनता 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का प्रतीकात्मक आनद ले सकती है सांसदों के साथ ही अपने विधायक चुनकर। अब ये उन राज्यों की जनता पर निर्भर करता है की वे अपने लिए सिंगल इंजिन की सरकार चुनें या डबल इंजन की। बहरहाल मेरी और से सभी को हार्दिक शुभकामनाएं, भले ही वे चुनाव लड़ रहे हों, या लड़ा रहे हो। या मूकदर्शक बनकर लोगों को चुनाव लड़ते-लड़ाते देख रहे हों।

# अनिद्रा से बिगड़ता स्वास्थ्य

अरविंद जयतिलक



आज निद्रा दिवस है। पर्याप्त निद्रा स्वास्थ्य व सेहत के लिए आवश्यक है। अभी गत वर्ष पहले ही फिलिप्स वार्षिक वैश्विक सर्वेक्षण की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि दुनिया भर में तकरीबन 10 करोड़ लोग अनिद्रा की बीमारी से ग्रसित हैं। गत वर्ष दुनिया के 13 देशों (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस, भारत, चीन आस्टेज्लिया, कोलंबिया, अर्जेंटीना, मैक्सिको, ब्राजील और जापान) के 15 हजार से अधिक व्यस्कों पर किए गए सर्वेक्षण रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ कि 80 प्रतिशत से अधिक लोग अनिद्रा बीमारी से अनभिज्ञ हैं जबकि 30 प्रतिशत लोग नींद लेने और उसे बनाए रखने में दिक्कत महसूस करते हैं। इस रिपोर्ट से यह भी उद्घाटित हुआ कि देश की राजधनी दिल्ली में 67 प्रतिशत, कोलकाता में 60 प्रतिशत, बेंगलुरु में 59 प्रतिशत तथा चेन्नई 58 प्रतिशत लोग अनिद्रा के शिकार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में तकरीबन 19 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि सामान्य नींद के समय के साथ काम के घंटों का अतिव्यापित होना अनिद्रा का एक प्रमुख कारण है। इसी तरह 32 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि प्रौद्योगिकी भी एक प्रमुख नींद विकर्षण है। अमेरिका की राष्ट्रीय निद्रा फाउंडेशन के मुताबिक 30–40 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों का कहना है कि उनमें अनिद्रा के लक्षण हैं। चिकित्कों का कहना है कि अनिद्रा के कारण कई तरह की बीमारियां पनपती हैं और जीवन प्रत्याशा कम होने की भी संभावना बढ़ जाती है। 16 अध्ययनों के एक विश्लेषण में 10 लाख से अधिक प्रतिभागियों और 112,566 मौतों के अंतर्गत नींद की अवधि और मृत्युदर के बीच के संबंधों की जांच में पाया जा चुका है कि जो लोग रात सात से आठ घंटे सोते थे उनकी तुलना में कम सोने वाले व्यक्तियों में मृत्यु का खतरा 12 प्रतिशत ज्यादा होता है। एक अन्य अध्ययन में 38 सालों से सतत निद्रा और मृत्यु दर के प्रभावों की जांच में पाया गया है कि सतत अनिद्रा से ग्रसित लोगों की मौत का जोखिम 97 प्रतिशत अधिक होता है। अनिद्रा का दुष्परिणाम यह होता है कि व्यक्ति में हीनता बढ़ती है और उसका यादाशत कमजोर पड़ने लगता है। उसमें चिड़चिड़ापन इस हद तक बढ़ जाता है कि वह सामाजिक रुप से मिलना–जुलना बंद कर देता है। साथ ही थके होने और पर्याप्त नींद न लेने के कारण वाहन दुर्घटनाओं की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। भारत की बात करें तो यहां 66 प्रतिशत लोगों द्वारा स्वीकार किया जा चुका है कि अनिद्रा के कारण उनका स्वास्थ्य और तंदरुस्ती प्रभावित होने के साथ–साथ मानसिक अवसाद बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही खुलासा कर चुका है कि भारत में मानसिक अवसाद के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं जिनके कई कारणों में से एक कारण अनिद्रा भी है। गत वर्ष पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी शीर्षक ह्यडिप्रेशन एवं अन्य सामान्य मानसिक विकार–वैश्विक स्वास्थ्य आकलनह्ण रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत और चीन अवसाद से बुरी तरह प्रभावित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में मानसिक अवसाद से ग्रस्त लोगों की संख्या सर्वाधिक है। आंकड़ों के मुताबिक भारत में 5.7 करोड़, चीन में 5.5 करोड़, बांग्लादेश में 63.9 लाख, इंडोनेशिया में 91.6 लाख, म्यांमार में 19.1 लाख, श्रीलंका में 8 लाख, थाइलैंड में 28.8 लाख तथा आस्टेज्लिया में 13.1 लाख अवसाद से ग्रसित लोग हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में अवसाद से प्रभावित लोगों की कुल संख्या 32.2 करोड़ है, जिसमें 50 प्रतिशत सिर्फ भारत और चीन में ही हैं। इस रिपोर्ट से यह भी खुलासा हो चुका है कि अवसाद के अलावा भारत और चीन में चिंता भी बड़ी समस्या है। भारत एवं अन्य मध्य आय वाले देशों में आत्महत्या के सबसे बड़े कारणों में से एक चिंता भी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 3.8 करोड़ लोग चिंता जैसी समस्या से ग्रसित हैं। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में अवसाद सबसे ज्यादा पाया गया है। देश में बढ़ते अवसाद को ध्यान में रखकर ही गत वर्ष केंद्र सरकार ने संसद में मानसिक स्वास्थ्य देखरेख विधेयक 2016 पर मुहर लगायी जिसमें मानसिक अवसाद से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखरेख एवं सेवाएं प्रदान करने एवं ऐसे व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण करने का प्रावधान किया गया है। चूंकि भारत अशक्त लोगों के अधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संधि का हस्ताक्षरकर्ता है लिहाजा उसकी जिम्मेदारी भी थी कि वह इस प्रकार के प्रभावी कानून गढ़ने की दिशा में आगे बढ़े। भारत ने भी इस दिशा में कदम बढ़ा सामुदायिक स्तर पर अधिकतम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की रचनात्मक और स्वागतयोग्य पहल तेज कर दी है। इस पहल से अवसाद से ग्रसित मरीजों के अधिकारों की तो रक्षा होगी ही साथ ही मानसिक रोग को नए सिरे से परिभाषित करने में भी मदद मिलेगी। मनोवैज्ञानिकों की मानें तो मनोभावों संबंधी दुख है और इस अवस्था में कोई भी व्यक्ति स्वयं का लाचार व निराश महसूस करता है। इस स्थिति से प्रभावित व्यक्ति के लिए सुख, शांति, प्रसन्नता और सफलता को कोई मायने नहीं रह जाता है। वह निराशा, तनाव और अशांति के भंवर में फंस जाता है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि अवसाद के लिए भौतिक कारक भी जिम्मेदार हैं। इनमें कुपोषण, आनुवंशिकता, हार्मोन, मौसम, तनाव, बीमारी, नशा, अप्रिय स्थितियों से लंबे समय तक गुजरना इत्यादि प्रमुख है। इसके अतिरिक्त अवसाद के 90 प्रतिशत रोगियों में नींद की समस्या होती है। अवसाद के लिए व्यक्ति की सोच की बुनावट और व्यक्तित्व भी काफी हद तक जिम्मेदार है। अवसाद अकसर दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर्स की कमी के कारण भी होता है। यह एक प्रकार का रसायन होता है जो दिमाग और शरीर के विभिन्न हिस्सों में तारतम्य स्थापित करता है। इसकी कमी से शरीर की संचार व्यवस्था में कमी आती है और व्यक्ति में अवसाद के लक्षण उभर आते हैं। फिर अवसादग्रस्त व्यक्ति निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करता है और उसमें आलस्य, अरुचि, चिड़चिड़ापन इत्यादि बढ़ जाता है और इसकी अधिकता के कारण रोगी आत्महत्या तक कर लेता है। मनोचिकित्सकों की मानें तो जब लोगों में तीव्र अवसाद के मौके आते हैं तो उनमें आत्महत्या के विचार भी पनपते हैं। ऐसे हालात में परिवार की भूमिका बढ़ जाती है। परिवार की जिम्मेदारी बनती है कि वह रोगी को अकेला न छोड़े और न ही उसकी आलोचना करे। बल्कि इसके उलट उसकी अभिरुचियों को प्रोत्साहित कर उसमें आत्मविश्वास जगाए। अवसादग्रस्त व्यक्ति के प्रति हमदर्दी दिखाए और उसकी बात को ध्यान से सुने। अवसादग्रस्त व्यक्ति को बोलने के लिए और उसकी भावनाओं को साझा करने के लिए प्रेरित करे। अवसादग्रस्त व्यक्ति को विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित कर उसमें सकारात्मक भाव पैदा करे। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने शोध में पाया है कि यदि कोई व्यक्ति लगातार सकारात्मक सोच का अभ्यास करता है तो वह अवसाद से बाहर निकल सकता है। अकसर देखा जाता है कि ज्यादतर समय अवसाद छिपा हुआ रहता है क्योंकि इससे ग्रस्त व्यक्ति इस बारे में बात करने से हिचकता है। अवसाद से जुड़ी शर्म की भावना ही इसके इलाज में सबसे बड़ी बाधा है। पिछले कुछ समय से अवसाद से बाहर निकलने में योग की भूमिका प्रभावी सिद्ध हो रही है। योग को और बढ़ावा दिया जाना चाहिए। अवसाद के इलाज में कई किस्मों की साइकोथेरेपी भी मददगार सिद्ध हो रही है। लेकिन सबसे अधिक आवश्यकता अवसादग्रस्त लोगों के साथ घुल–मिलकर उनमें आत्मविश्वास पैदा करने की है। अगर अवसाद की गंभीरता पर ध्यान नहीं दिया गया तो 2030 तक अवसाद दुनिया में सबसे बड़ी मानसिक बीमारी का रुप धारण कर सकती है। अच्छी बात यह है कि दुनिया भर में 77 प्रतिशत लोगों ने अवसाद और बिगड़ते स्वास्थ्य से उबरने के लिए अपनी नींद में सुधार की कोशिश की है। भारत में 45 प्रतिशत वयस्कों ने ध्यान और योग करने की कोशिश की है जबकि 24 प्रतिशत लोगों ने अच्छी नींद लेने और उसे बनाए रखने के लिए विशेष बिस्तर को अपनाया है। उचित होगा कि सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं कुछ इस तरह के कार्यक्रम गढ़ें ताकि लोगों में अच्छी नींद के प्रति जागरुकता बढ़े और वे संतुलित दिनचर्या के प्रति आकर्षित हों।

# शबरी की रसोई में चाय




– सुधाकर आशावादी

युग बदल चुका है। आत्मीय रिश्तों की जगह बनावटी रिश्तों ने ले ली है। निस्वार्थ भाव की कल्पना बेमानी है। स्वार्थ कुशल व्यापारी की भूमिका में है। उसे उन श्रद्धा और प्रेम के प्रसंग भी भुनाने में कोई शर्म महसूस नही होती, जिनके आधार पर सदियों से भक्ति और श्रद्धा को आदर्श माना जाता रहा है। एक कड़वा सच यह भी है कि उनका घटिया माल भी बिकता हाथों हाथ, आते जो बाजार में लुभावने नामों के साथ। विज्ञापन युग की यही विशेषता है, कि जैसे भी हो, आकर्षक विज्ञापन करके भीड़ जुटाओ और मुनाफा कमाओ। आज कल भोजन पदार्थों की बिक्री के लिए ढाबा, होटल, भोजनालय, रेस्टोरेंट जैसे नाम रखने का चलन कम हो गया है। इनकी जगह रसोई जैसे घरेलू और आत्मीय प्रतीत होने वाले शब्द को प्राथमिकता दी जाने लगी है। कोई अपने भोजनालय का नाम माँ की रसोई रख रहा है, कोई दादी की रसोई, कोई चाची की रसोई रख रहा है, कोई मौसी की । रसोई से पहले दादी, अम्मा, मौसी, चाची का नाम अपनेपन का एहसास कराता ही है। इसी का लाभ चतुर व्यापारी उठाने में पीछे नही रहते।

राम जी के वनवास के समय राम जी की बाट जोह कर उनके लिए बेर एकत्र करने वाली शबरी ने कभी नहीं विचारा होगा, कि विज्ञापन युग में उसकी आस्था को भी भुनाया जाएगा। उनके नाम से भंडारा करके मीठे फल बांटने की जगह उनके नाम पर रसोई खोल दी जाएगी, जिसका नाम सुनकर आस्था के सैलाब से संग भक्त उस रसोई के दर्शन तो करेंगे, मगर उसमें बैठकर चाय पीने की कल्पना साकार नहीं कर सकेंगे।

चाय की कीमत सुनकर ही वे वहाँ से नजर बचाकर किसी चाय की टपरी या चाय के ठेले की ओर जाने हेतु विवश होंगे। अलबत्ता शबरी के नाम से प्रभावित होकर मोबाईल के माध्यम से धन खर्च करने वाले कुछ लोग उस रसोई में जाएगें, चाय के साथ टोस्ट भी खाएंगे, फिर चाय का बिल संचार माध्यमों से अपना प्रचार करके अपनी शेखी बघारेंगे, कि शबरी के नाम पर अब बेर नहीं, चाय मिलती है, वह भी मुफ्त में नहीं मिलती। चाय पीने के लिए आम आदमी की चाय के मुकाबले चार पांच गुने पैसे चुकाकर आम से खास आदमी बनना पड़ता है।

खास आदमी कभी कंजूस नही होता, उसे खास बने रहने के लिए छोटी छोटी बातों को नजरअंदाज करना पड़ता है। खास आदमी की पहचान ही दिखावा करने से होती है, सो वह महंगी चाय पीता है और चाय परोसने वाले बेयरे की टिप भी देता है। उसे चाय तो मिलती है, मगर शबरी जैसी आत्मीयता नहीं मिलती। कारण स्पष्ट है कि न वह शबरी रही, जो जंगल में स्नेह भाव से आवभगत किया करती थी, न वे राम जी जैसे नायक रहे, जो भाव के भूखे थे और सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। न विज्ञापन का दौर था और न सेल्फी लेकर आत्म- मुग्धता प्रदर्शित करने की होड़ थी। समय के साथ साथ परिवर्तन तो होते ही हैं, फिर भी जिससे जितना हो रहा है, वह कर रहा है, अपने प्रिय राम को मीठे बेर खिलाने के लिए बेरों की मिठास परख कर बेर परोसने वाली शबरी के भाव विज्ञापन की दुनिया में लुप्त हो गए, सिर्फ शबरी का नाम लेकर ग्राहकों को आकर्षित करने की चाल सफल हो गई। अब शबरी की रसोई में बेर भले ही नदारद हों, मगर चाय अवश्य मिलती है, वह भी टैक्स फ्री नही, बल्कि टैक्स सहित।

# होली-रमजान सौहार्दपूर्ण माहौल में मनायें: एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** थाना क्षेत्र में कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका महोत्सव व रमजान माह सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने को थाने में शान्ति समिति की बैठक एसडीएम व सीओ तथा प्रभारी निरीक्षक की मौजूदगी में हुई। पर्वों को भाईचारे से मनाने की अपील की।

रविवार को शान्ति समिति की बैठक में कहा कि कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में 76 स्थानों पर होली जलेगी। सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने कहा कि होली पर्व भाईचारे से मनाने की परम्परा है। होली पर्व पर सुरक्षा के मद्देनजर कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में पांच सदस्यीय टीम गठित की है। होली हुड़दंग रोकने का दायित्व प्रभारी निरीक्षक राजापुर को सौंपा है। खास जरूरत पड़ने पर एसडीएम, सीओ व प्रभारी निरीक्षक के सीयूजी नम्बर पर फोन कर पल-पल की जानकारी दी जा सकती है। शान्ति समिति की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के आचार संहिता लागू होने से होली पर्व सद्भावना से मनाया जायेगा। शराब के नशे में हुड़दंग करना दंडनीय अपराध है। अपराध से बचने को शराब सेवन न करें। जिलाधिकारी के आदेशानुसार होली पर्व पर शराब दुकानें पूरी तरह बन्द रहेंगी। कोई शराब पीते-बेंचते मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। डीजे पर प्रतिबंध है।



शान्ति समिति की बैठक में मौजूद अधिकारीगण।

प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने कहा कि होलिका दहन कस्बा समेत 76 स्थानों पर होगा। गांव में नये स्थान पर होलिका दहन की अनुमति नहीं मिलेगी। पांच मोबाइल टीमें भ्रमण करती रहेंगी। इस मौके पर ईओ राजापुर भोलानाथ कुशवाहा, सहायक अभियंता विद्युत डीके सिंह, अवर अभियंता जितेंद्र पटेल, क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार, वरिष्ठ दरोगा केडी मिश्रा, शैलेंद्र सिंह, अनिल सिंह मौजूद रहे। कमेटी की बैठक में सुभाष चंद्र अग्रवाल, सतीश चंद्र मिश्र, अशोक द्विवेदी, भगवानदास सोनकर, विकास अग्रहरी, दीपक जायसवाल, विजय शंकर गौतम, अनुराग जायसवाल, अशोक सोनकर, अतहर नईम, मो सफीक, सबीर अली आदि मौजूद रहे।

# भंडारा स्थल पर न करें गन्दगी: राकेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति ने स्वच्छ भारत मिशन में 107वां स्वच्छता अभियान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग बरहा हनुमान मन्दिर से शनिदेव मंदिर तक चलाया।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि जन जागरूकता को कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छता अभियान चल रहा है। जनता से अपील किया कि बरहा हनुमान मन्दिर में भंडारा दौरान प्लास्टिक से बनी चीजों का प्रयोग न करें। भंडारा खत्म होते ही सफाई करायें। इसकी भी चिंता आम जनता को होनी चाहिए। भंडारा दौरान आसपास का पूरा क्षेत्र प्रदूषित हो जाता है। कामना पूरी होने के उपलक्ष्य में भंडारा तो लोग करते हैं, गंदगी छोड़ आते हैं। वहां ऐसा नहीं करना चाहिए। पौराणिक स्थल में स्वच्छता बनी रहे, इस पर सभी को चिन्तन करना चाहिए। इस मौके पर राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, कृष्णा शुक्ला, अंकुर केसरवानी, मनोज कुशवाहा, जानकी कुशवाहा, रामसिया, विनोद कुमार आदि ने सहयोग किया।



सफाई करते समिति के लोग।



शराब भट्ठियां नष्ट करती पुलिस।

# सीओ की अगुवाई में हुई छापेमारी, 45 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव व होली पर्व के मद्देनजर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में सीओ सिटी राजकमल की अगुवाई में कोतवाली कर्वी पुलिस ने कपसेठी में मंदाकिनी नदी किनारे छापेमारी कर 45 लीटर महुआ शराब व 65 सौ किग्रा लहन तथा पांच भट्ठियां नष्ट किया।

रविवार को सीओ सिटी राजकमल की अगुवाई में कर्वी कोतवाल उमेन्द्र प्रताप सिंह ने चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी, दरोगा श्यामदेव सिंह, दरोगा राहुल पाण्डेय की मौजूदगी में छापेमारी कर 45 लीटर महुआ शराब बरामद की। भट्ठी व लहन मौके पर नष्ट किया। शराब बनाने वाले मौके से फरार हो गये।

# टप्पेबाज गैंग खुलासा: दो घटनाओं में चार दबोचे

## बुलेरो, सोने-चांदी जेवर, नकदी, तमंचा-कारतूस बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर पुलिस ने अंतर्जनपदीय टप्पेबाज गैंग के चार टप्पेबाजों को दबोचकर टप्पेबाजी की दो घटनाओं का खुलासा कर उनके कब्जे से बुलेरो कार, सोने-चांदी के जेवर, नकदी व तमंचा-कारतूस बरामद किये हैं।

रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से कहा कि एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में राजापुर थानाध्यक्ष मनोज चौधरी की टीम ने अंतर्जनपदीय टप्पेबाज राजा पटेल पुत्र रामललन पटेल करछना जिला प्रयागराज, गुड्डू उर्फ मो कासिम पुत्र मो शफीक जसरा प्रयागराज, प्रेमचन्द्र भारती पुत्र कमलेश निवासी रेही प्रयागराज व संजय पटेल पुत्र उदयराज रेही प्रयागराज को दबोचकर उनके कब्जे से पायल, बिछिया, अंगूठी, मंगलसूत्र, चैन, कान के बाला व चार हजार रुपये नकद, एक तमंचा-कारतूस तथा बुलेरा कार यूपी 81-बीडी 1783 छीबों रोड से बरामद की। फरवरी माह में राजापुर थाने में टप्पेबाजी की घटना हुई थी। गिरोह का सरगना संजय पटेल है। कुछ दिन पहले मऊ थाने के लालतारोड में इसी बुलेरो में दम्पति को बैठाकर उसका बैग चोरी किया था। बैग में 80 हजार रुपये के जेवर थे। फरवरी माह के अंत में राजापुर चैराहे पर दम्पति को इसी बुलेरो में बैठाकर रास्ते से जेवर भरा बैग चोरी किया था। ये बुलेरो राजेश कुमार पुत्र राजकरन निवासी करछना प्रयागराज की है, इसे किराये पर टप्पेबाज लिए थे। संजय पटेल, गुड्डू उर्फ मो कासिम, प्रेमचन्द्र भारती व राजा पटेल का अच्छा-खासा आपराधिक इतिहास है। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज चौधरी, दरोगा सिद्धनाथ राय, दरोगा अनिल कुमार, दरोगा शैलेन्द्र सिंह, सिपाही लवकुश यादव, मनोज यादव, चन्दन व मऊ थाने के सिपाही शुभम कुमार व पुष्पेन्द्र शामिल रहे।



अंतर्जनपदीय टप्पेबाजों के बारे में बताते पुलिस अधीक्षक।

## जिलें में धारा 144 लागू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मजिस्टेट्रट अभिषेक आनन्द ने लोकसभा चुनाव कर्वी-मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र में बीस मई को मतदान व चार जून को मतगणना के मद्देनजर तथा हाईस्कूल-इंटर बोर्ड परीक्षा पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को देखते हुए पांच जून तक के लिए धारा 144 लागू की है। इस दौरान कोई भी दल किसी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा। जिससे लोगों में मतभेद पैदा हो सकते हैं। इस दौरान मन्दिर-मस्जिद अन्य स्थलों पर चुनाव प्रचार नहीं किया जायेगा। अवांछनीय तत्वों पर नजर रखी जा रही है। जुलूस आदि कोई नहीं निकाल सकेगा, यातायात में कोई बाधा उत्पन्न नहीं करेगा।

# सपा छात्रसभा की कमेटी घोषित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल व सपा छात्रसभा प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा की मंजूरी से सपा छात्रसभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव ने कमेटी की घोषणा की है। रविवार को सपा छात्रसभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव ने कमेटी में जिला महासचिव अभिमन गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष डॉ संजय कुमार, जिला प्रवक्ता महेश यादव, सोशल मीडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष कुशल यादव, अजय कुमार पाल, राजकुमार यादव, विपिन पाण्डेय, रामप्रकाश वर्मा, सुनील यादव, रोहित यादव, छोटू, मेवालाल प्रजापति, जिला सचिव रामबाबू पटेल, रजित यादव, रोहित केशरवानी, तीरथ यादव, सुशील कुमार, संदीप यादव, शिवम ओझा, राकेश कुमार, जान मोहम्मद, धर्मेन्द्र रैकवार, हरिश्चन्द्र पटेल, रामविकास यादव समेत 31 सदस्यीय कमेटी घोषित की है।

# लोस चुनाव में होगा बडा बदलाव: विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में समाजवादी छात्रसभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव का सदर विधायक अनिल प्रधान समेत जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव आदि ने स्वागत किया। सपा छात्रसभा के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र बांटे गये। जिलाध्यक्ष रोहित यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी-महंगाई से परेशान युवा आगामी समय में भाजपा को सत्ता से हटा देगा। सरकारी नौकरियों के नाम पर पेपर लीक हो रहे हैं।

रविवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बड़ा बदलाव होगा। भाजपा का सफाया होगा। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि महंगाई चरम पर है। किसान परेशान है, लोग सत्ता बदलाव का मन बना चुके हैं। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि भाजपा से आम जनता परेशान है। सभी ने सपा को वोट देने का मन बनाया है। पदाधिकारियों में अभिमन गुप्ता, महेश, संजय, कुशल, राज, सुनील, विपिन पांडे, राम प्रकाश वर्मा, शिवम ओझा, रामबाबू पटेल, राम प्रकाश पटेल, मुकेश कोटार्य, राज, जान मोहम्मद, वीरेंद्र, गोरेलाल, कमलेन्द्र प्रजापति, शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे। इस मौके पर सपा जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, सपा वरिष्ठ नेता मानसिंह पटेल, राजाबाबू, सुरेश यादव, सरनाम सिंह, रामराज, सुरेश सिंह, योगेंद्र, राम प्रसाद वर्मा, गोपीचंद यादव आदि मौजूद रहे।



छात्रसभा जिलाध्यक्ष का स्वागत करते सपाई।

# नदियां हो रही प्रदूषित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मौजूदा समय में विभिन्न खाद्य व घरेलू सामग्री के उपयोग से प्रदूषित सामग्री दिन-प्रतिदिन छोटे-छोटे नालों से नदियों में जाने से जल प्रदूषित हो रहा है।

रविवार को मंदाकिनी नदी के प्रदूषित जल की सफाई का कार्य अनिल कुमार व सहयोगी राधारमण, रीतेश पाण्डेय ने कांच मंदिर के पीछे नदी के हिस्से में किया। अनिल कुमार ग्रामोदय विवि से डॉ साधना चैरसिया के निर्देश पर शोध कार्य पर्यावरण विज्ञान जल शाखा से कर रहे हैं। सहयोगी राधारमण व रीतेश पर्यावरण विज्ञान एमसी के विद्यार्थी हैं।



नदी में सफाई करते शोध छात्र।

# कार्यशाला में नये कानूनों बाबत दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में अभियोजन निदेशालय के आदेश पर संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में नवीन भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 बाबत कार्यशाला हुई।

रविवार को कार्यशाला/प्रशिक्षण में अभियोजन अधिकारी शशिकान्त व बृजमोहन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023, भारतीय न्याय संहिता पर सहायक अभियोजन अधिकारी पियूष कुमार व नवनियुक्त सहायक अभियोजन अधिकारी आकाश साहू ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 बाबत जानकारी देकर पुलिस को प्रशिक्षित किया।

कार्यशाला/प्रशिक्षण में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ सिटी राजकमल, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा, अपर शासकीय अधिवक्तागण, अभियोजन अधिकारीगण, समस्त थाना/चौकी प्रभारी व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



कार्यशाला में पुलिस को नये कानून बताते।

## परीक्षा देने गई किशोरी हुई लापता

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी के लापता होने पर परिजनों ने गांव के युवक पर भगा ले जाने का आरोप लगाया।

रविवार को पीडित परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। परिजनों ने बताया कि मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी सात मार्च को इंटर कॉलेज में परीक्षा देने गई थी। परीक्षा स्थल नहीं पहुंची। प्रधानाचार्य की सूचना पर परिजनों ने किशोरी की आसपास खोजबीन की। उसका कहीं पता न चलने पर गांव के ही संजय पुत्र मुन्ना अहिरी पर किशोरी को ले जाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने मऊ थाने में तहरीर दी थी। कोई कार्यवाही न होने पर परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

# मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष ने घोषित की कमेटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा के अनुमोदन से मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिला कमेटी के अध्यक्ष निजामुद्दीन सिद्दीकी ने कार्यकारिणी घोषित की है। अपेक्षा की है कि सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचा कर पार्टी को मजबूती देंगे।

रविवार को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन सिद्दीकी ने कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष शोभित विश्वकर्मा, रेहान अहमद, गुलाब प्रजापति, नवाज सरीफ, अनिल यादव, रितेश कोटार्य, महासचिव महेन्द्र सिंह यादव, कोषाध्यक्ष मनोज केशरवानी, जिला सचिव अरहान खान, तुषार जायसवाल, विनोद सिंह, छविकान्त सिंह, प्रदीप पटेल, लवकुश यादव, अमन गुप्ता, राजेन्द्र वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, लवलेश निषाद, अमर प्रकाश वर्मा व बाकी सदस्यों समेत 31 सदस्यीय कमेटी बनाई है। अनुमोदन को भेजा है।

## एसपी के निर्देश पर दो पर मिनी गुण्डा एक्ट

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले रामराज पुत्र प्रभुदयाल बारामाफी व चुन्नीलाल पुत्र पूरन निवासी सकरौली के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यावाही की है।

## 25 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने उदयभान सिंह उर्फ बच्चा सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी वीरधुमाई सुर्की के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय, दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही अतुल मिश्रा व धर्मेन्द्र कुमार शामिल है।

## जीआरपी ने शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी विपुल श्रीवास्तव के निर्देश पर होली पर्व सकुशल मनाने को लेकर ट्रेनों-स्टेशनों में जारी जांच अभियान में गांजा, शराब, शस्त्र बरामदगी में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झांसी नईम खांन मंसूरी की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी मानिकपुर दिलीप कुमार मिश्रा की अगुवाई में टीम ने 16 मार्च को रेलवे स्टेशन लोहगरा प्लेटफार्म नंबर एक पर प्रयागराज की ओर से 20 कदम दूर अजयनाथ पुत्र भवरलाल निवासी लोहगरा बारा जिला प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर दबोचा। जामा तलाशी में एक दर्जन देशी शराब क्वार्टर बरामद हुए। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# ट्रम्प की खुली धमकी, चुनाव नहीं जीता तो खूनखराबा होगा




**वॉशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खूनखराबे की धमकी दे डाली है। उन्होंने कहा है कि अगर वे 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में निर्वाचित नहीं हुए तो देश में खूनखराबा होगा।

ओहियो के पास रिपब्लिकन पार्टी की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि इसबार चुनाव की तारीख अमेरिका के इतिहास में सबसे अहम होने जा रही है। उन्होंने कहा कि 5 नवंबर की तारीख नोट कर लें। अगर वह 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में नहीं जीते तो अमेरिका में खूनखराबा होने वाला है। हालात पिछली बार से भी गंभीर हो सकते हैं। देश को मेरी जरूरत है। अगर मैं नहीं जीता तो ब्लडबाथ होगा।

उल्लेखनीय है कि ट्रम्प पर 06 जनवरी 2021 को हुए कैपिटल हिल हिंसा मामले में केस चल रहा है। ट्रंप कुछ घंटों के लिए जेल की सलाखों के पीछे जा चुके हैं। फिलहाल जमानत पर हैं। दरअसल, ट्रम्प साल 2020 का राष्ट्रपति चुनाव डेमोक्रेट नेता जो बाइडन से हार गए थे। उन पर नतीजों को पलटने की साजिश रचने का आरोप लगा। ऐसे में उनकी ताजा धमकी से सवाल उठ रहे हैं।

# यूक्रेन ने 6 नेपाली युद्धबंदी को किया सार्वजनिक




**नेपाल।** रूस-युक्रेन युद्ध के दौरान रूसी सेना की तरफ से युद्ध लड़ रहे छह नेपाली सैनिकों को युक्रेन ने आज एक वीडियो मैसेज के जरिए सार्वजनिक किया है। युद्धबंदी के रूप में युक्रेन के कब्जे में रहे इन नेपाली नागरिकों की रिहाई को लेकर युक्रेन की तरफ से कोई भी आश्वासन नहीं दिया गया है।

युक्रेन सेना के तरफ से एक वीडिओ मैसेज जारी करते हुए अपने कब्जे में रहे विदेशी युद्धबंदियों को सार्वजनिक किया गया है। इस वीडिओ में कुल आठ युद्धबंदियों को दिखाया गया है, जिसमें छह नेपाली नागरिक शामिल हैं। युक्रेन की सेना ने इनके नाम सार्वजनिक करते हुए यह दिखाने की कोशिश की है कि रूस युक्रेन पर हमला करने के लिए विदेश के भाड़े के सैनिकों की मदद ले रहा है। जिन नेपाली नागरिकों को युद्धबंदी के रूप में सार्वजनिक किया गया है, उनमें रोल्पा जिले के प्रतीक पुन, बर्दिया के विवेक खत्री, काभ्रे जिला के सिद्धार्थ ढकाल, मोरंग जिले के विकास राई, चितवन के सुजन सुवेदी और गोरखा के इश्वर लामिछाने शामिल हैं।

इस वीडिओ में युद्धबंदियों से सवाल जवाब किए जाने का दृष्य दिखाया गया है। इधर वीडियो में दिखाए गए नेपाली नागरिकों के परिवारवालों ने इनकी सकुशल रिहाई के लिए सरकार और अन्तरराष्ट्रीय समुदाय से एक बार फिर आग्रह किया है। लम्बे समय से युक्रेन के कब्जे में रहे अपने लोगों के देखकर परिवार वालों ने राहत की सांस ली है। कई महीने से संपर्कविहीन रहे इन नेपाली नागरिकों को जीवित देखकर परिवार वालों ने खुशी जाहिर की है।

वीडियो जारी होने के बाद नेपाल सरकार की तरफ से इनकी सुरक्षित और सकुशल रिहाई के लिए प्रयास को और तेज करने की बात कही गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अमृत राई ने कहा कि युक्रेन के कन्सुलर विभाग के जरिए नेपाली नागरिकों की रिहाई के लिए पहल का प्रयास किया जा रहा है।

# नेपाल में सोने की तस्करी मामले में पुलिस के दो पूर्व प्रमुख भी जांच के दायरे में



**काठमांडू,।** नेपाल में सौ किलो सोने की तस्करी मामले में पुलिस के दो पूर्व प्रमुख भी जांच के दायरे में हैं। इस मामले की जांच प्रक्रिया आगे बढ़ाने के साथ ही पुलिस के इन दोनों दो पूर्व प्रमुखों के खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी किया गया है। इस मामले की जांच रिपोर्ट में नेपाल पुलिस के दो पूर्व प्रमुखों- आईजीपी सर्वेन्द्र खनाल और धीरज प्रताप सिंह जांच के घेरे में हैं। उन दोनों के निवास को पुलिस और सीआईबी की टीम ने घेराबंदी कर उन पर निगरानी रखे हुए है। सीआईबी का चार्ज संभालने वाले एआईजी श्याम ज्ञवाली ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि इस मामले के सभी दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही आगे बढ़ाई जाए। जांच रिपोर्ट में दोनों पूर्व पुलिस प्रमुख की भूमिका पर सवाल खड़ा किया गया है इसलिए दोनों पर निगरानी रखी जा रही है। ज्ञवाली ने इस बात के भी संकेत दिए हैं कि दोनों की कभी भी गिरफ्तारी की जा सकती है। इस मामले में सीपीएन (एमसी) के उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा के खिलाफ मुकदमा चलाने की तैयारी की जा रही है। सीआईबी की तरफ से जल्द ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। इस मामले में सीपीएन (एमसी) के नेता एवं पूर्व उपराष्ट्रपति नन्दकिशोर पुन के बेटे की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# अमेरिका के फिलाडेल्फिया में गोलीबारी, तीन की मौत




**फिलाडेल्फिया।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया के उपनगर में शनिवार तड़के गोलीबारी हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना के कारण ह्यसेंट पैट्रिक्स डेह्ल परेड रद्द करनी पड़ी तथा बच्चों का थीम पार्क बंद करना पड़ा।

मिडलटाउन टाउनशिप पुलिस के मुताबिक ईस्टर्न पेंसिल्वेनिया की फॉल्स टाउनशिप में ह्यगोलीबारी की घटना की पुष्टिह्न हुई है और इस घटना में कई लोग हताहत हुए हैं। संदिग्ध की पहचान 26 वर्षीय आंद्रे गार्डन के रूप में की गई है और वह इस समय बेघर है और वह मुख्य रूप से ट्रेंटन में रहता है।

बक्स काउंटी के प्राधिकारियों ने स्थानीय लोगों को अपने घरों में रहने और दरवाजे बंद रखने की सलाह दी है। एक स्थानीय निर्वाचित अधिकारी ने गोलीबारी की इस घटना को ह्यघरेलूह्न बताया है।

फॉल्स टाउनशिप बोर्ड ऑफ सुपरवाइजर के अध्यक्ष जेफरी डेंस ने कहा कि हमलावर टाउनशिप में दो स्थानों पर गया और उसने कई लोगों को गोली मारी जिनमें से तीन की मौत हो गई।

# कोलंबिया विला डे लेवा खगोल विज्ञान महोत्सव में चीन अतिथि देश बना



**बीजिंग।** कोलंबिया में वार्षिक विला डे लेवा खगोल विज्ञान महोत्सव 15 मार्च को कोलंबिया के विला डे लेवा शहर में शुरू हो गया, जिसमें चीन पहली बार अतिथि देश के रूप में हिस्सा ले रहा है।

जानकारी के मुताबिक, विला डे लेवा खगोल विज्ञान महोत्सव 3 दिनों तक चलता है और इसमें प्रदर्शनियाँ, खगोल विज्ञान अकादमिक व्याख्यान आदि गतिविधियां शामिल होती हैं। चीन के डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन लेबोरेटरी, पेइचिंग तारामंडल और पेइचिंग यूनिवर्सिटी ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स के विशेषज्ञ इस महोत्सव में भाग ले रहे हैं।

महोत्सव के उद्घाटन समारोह में विला डे लेवा शहर के मेयर विक्टर गैंबोआ चैपरो ने अपने भाषण में अतिथि देश के रूप में चीन की हिस्सेदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कोलंबिया और चीन के बीच सहयोग खगोलविदों और उत्साही लोगों के लिए बेहतर स्थिति प्रदान कर सकता है, साथ ही स्थानीय वैज्ञानिक पर्यटन उद्योग को और पुनर्जीवित कर सकता है। उधर, कोलंबिया में चीनी राजदूत जू चिंगयांग ने कहा कि चीन एयरोस्पेस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। चीन कोलंबिया और अन्य लैटिन अमेरिकी देशों के साथ एयरोस्पेस आदान-प्रदान और सहयोग को मजबूत करने का ईच्छुक है।

# कोलंबिया विला डे लेवा खगोल विज्ञान महोत्सव में चीन अतिथि देश बना



**बीजिंग।** कोलंबिया में वार्षिक विला डे लेवा खगोल विज्ञान महोत्सव 15 मार्च को कोलंबिया के विला डे लेवा शहर में शुरू हो गया, जिसमें चीन पहली बार अतिथि देश के रूप में हिस्सा ले रहा है।

जानकारी के मुताबिक, विला डे लेवा खगोल विज्ञान महोत्सव 3 दिनों तक चलता है और इसमें प्रदर्शनियाँ, खगोल विज्ञान अकादमिक व्याख्यान आदि गतिविधियां शामिल होती हैं। चीन के डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन लेबोरेटरी, पेइचिंग तारामंडल और पेइचिंग यूनिवर्सिटी ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स के विशेषज्ञ इस महोत्सव में भाग ले रहे हैं।

महोत्सव के उद्घाटन समारोह में विला डे लेवा शहर के मेयर विक्टर गैंबोआ चैपरो ने अपने भाषण में अतिथि देश के रूप में चीन की हिस्सेदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कोलंबिया और चीन के बीच सहयोग खगोलविदों और उत्साही लोगों के लिए बेहतर स्थिति प्रदान कर सकता है, साथ ही स्थानीय वैज्ञानिक पर्यटन उद्योग को और पुनर्जीवित कर सकता है। उधर, कोलंबिया में चीनी राजदूत जू चिंगयांग ने कहा कि चीन एयरोस्पेस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। चीन कोलंबिया और अन्य लैटिन अमेरिकी देशों के साथ एयरोस्पेस आदान-प्रदान और सहयोग को मजबूत करने का ईच्छुक है।

# बलूचिस्तान पर उठाई आवाज, अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मानवाधिकार उल्लंघन का संज्ञान लेने की अपील






**इस्लामाबाद।** बलोच यकजहती कमेटी प्रतिनिधि डॉ. महरंग बलोच ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बलूचिस्तान में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों का संज्ञान लेकर उसे खत्म करने की दिशा में हस्तक्षेप करने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद् के 55वें सत्र के दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बलूचिस्तान के लिए स्टैंड लेने की अपील की।

डॉ. महरंग बलूच ने एक्स पर साझा की गई पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि बलोच यकजहती कमेटी एक समूह है जो बलोच लोगों के अधिकारों की हिमायत करता है। यूएनएचआरसी में डॉ. महरंग ने सिलसिलेवार तरीके से बताया कि उनके पिता को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने गायब कर दिया और हिरासत में मार डाला। उनका छोटा भाई भी गायब कर दिया गया और महीनों तक यातनाएं झेलता रहा। हालांकि उन्होंने कहा कि वे अपने परिजनों के लिए नहीं बल्कि बलोच लोगों के प्रतिनिधि के रूप में उस व्यथा को रख रही हैं जिन्होंने लंबे समय तक अकल्पनीय पीड़ा सही है।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बलूचिस्तान में हस्तक्षेप का अनुरोध किया। डॉ. महरंग बलूच ने कहा कि बलूचिस्तान के लोगों के साथ अमानवीयता, रातोंरात गायब किए जाने, न्याय प्रणाली को दरकिनार कर हत्या, फर्जी मुठभेड़ जैसे मामले हो रहे हैं। उनका आरोप है कि सत्ता प्रतिष्ठान की तरफ से बलूचिस्तान में धीमी गति से नरसंहार चल रहा है जिससे उनका पूरे समुदाय खतरे में है। उनका कहना है कि बलोच लोगों ने दशकों से पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान के उनके इलाके में किए गए मानवाधिकार उल्लंघन का लगातार विरोध किया है। इसलिए अब संयुक्त राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी बलूचिस्तान के लिए स्टैंड लेना चाहिए।

उल्लेखनीय है डॉ. महरंग बलोच बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना के अत्याचारों के खिलाफ लगातार आवाज उठाती रही हैं। 1993 में बलूच परिवार में जन्मी महरंग ने एमबीबीएस की पढ़ाई की है। उनके पिता का नाम अब्दुल गफ्फार था जो की एक मजदूर थे। फरवरी 2009 उनके पिता को अस्पताल जाते वक्त किडनैप कर लिया गया था। इसके करीब दो साल उनकी लाश मिली। जब उसका पोस्टमार्टम कराया गया तब पता चला कि उन पर काफी अत्याचार किया गया था, जिस वजह से उनकी मौत हुई। डॉ. महरंग के परिवार पर अत्याचारों का सिलसिला खत्म नहीं हुआ था। पिता की मौत के 8 साल बाद यानी 2017 में उनके भाई को भी अगवा कर लिया गया और करीब 3 महीने तक हिरासत में रखा। डॉ. महरंग ने छोटी उम्र से ही पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के खिलाफ आवाज उठाना शुरू कर दिया था। आगे चलकर वे बलूचिस्तान में विरोध का बड़ा चेहरा बन गईं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# बांग्लादेश को झटका, तंजीम हसन श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के निर्णायक मैच से बाहर

**मीरपुर।** बांग्लादेश को श्रीलंका के साथ वनडे सीरीज के निर्णायक मुकाबले से पहले बड़ा झटका लगा है, क्योंकि फॉर्म में चल रहे युवा तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब को चोट लग गई है और वह मैच नहीं खेल पाएंगे। यह सीरीज कई खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण खराब हुई है और इस बार चोट की खबर बांग्लादेश कैंप से सामने आई है।

बांग्लादेश टीम प्रबंधन ने सूचित किया है कि तंजीम हसन को दाहिनी हैमस्ट्रिंग में दर्द और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और इसलिए वह सोमवार को चटगांव में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के निर्णायक तीसरे और अंतिम मैच में भाग नहीं लेंगे।

बांग्लादेश की टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने पुष्टि की कि 21 वर्षीय खिलाड़ी निर्णायक वनडे खेलने के लिए "फिट नहीं" है। ह्लतंजीम को अपनी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में दर्द और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खान ने कहा, "आज प्रशिक्षण में उन्हें कोई बेहतर महसूस नहीं हुआ और वह कल खेलने के लिए फिट नहीं हैं।"

तंजीम ने वनडे सीरीज के शुरूआती मैच में तीन बड़े विकेट लिए - पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो और सदीरा समरविक्रमा को वापस भेजकर बांग्लादेश की छह विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हसन महमूद, जिन्होंने आखिरी बार बांग्लादेश के लिए दिसंबर 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैच खेला था, को तंजीम हसन के प्रतिस्थापन के रूप में बुलाया गया है।

तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है, जिससे एक रोमांचक निर्णायक मुकाबले की स्थिति तैयार हो गई है। दौरे के एकदिवसीय चरण के समापन के बाद, दोनों टीमें सिलहट और चटगांव में दो टेस्ट खेलेंगी, जो वर्तमान आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का एक हिस्सा होगा।